भोपाल
रविवार, 19 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 11, अंक : 55
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 41
न्यून. 27

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com

आरसीबी और पीएसके के बीच मैच

## टीवी पर व्यूअर्स का नया रिकॉर्ड 49 करोड़ लोगों ने देखा



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 17वें सीजन ने व्यूअरशिप के मामले में नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं। शनिवार को बेंगलुरु ने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक मुकाबले में 27 रन से हरा दिया। इसे टीवी पर 49 करोड़ लोगों ने देखा। वहीं, पहले 10 मैचों को करीब 35 करोड़ यूजर्स ने देखा है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। शेष पेज 6 पर पढ़ें पेज 12 भी

## सीएम यादव ने मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा

# सोनिया ने कहा-रायबरेली अपने बेटे को सौंप रही हैं, ये परिवारवाद का प्रमाण, हमारी लड़ाई इसी 'अहंकार' से

### बम गिराने वालों का समर्थन लेकर चुनाव में सामने हैं उद्धव ठाकरे

### राहुल गांधी को अपने परिवार का इतिहास नहीं मालूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

महाराष्ट्र में पांचवे चरण का प्रचार समाप्त होने के पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को मुंबई पहुंचे थे। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुंबई में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों समर्थन में प्रेस कांफ्रेंस, शोभा यात्रा एवं जनसभा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राहुल को अपना ही इतिहास पता नहीं है। राहुल गांधी अमेठी में भाषण के दौरान कहते हैं, 42 साल पहले जब यहां आया तो देखा कि कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। यहां तक की सड़कें ही नहीं थी। राहुल आखिर किसकी गलती बताना चाह रहे थे। ये भूल गए कि इनके दादा फिरोज गांधी अमेठी के शेष पेज 6 पर

### बम ब्लास्ट का आरोपी इब्राहिम मूसा शिवसेना के लिए प्रचार कर रहा



डॉ. यादव ने कहा कि चुनाव में 1993 के बम ब्लास्ट के आरोपी इब्राहिम मूसा शिवसेना के लिए प्रचार कर रहे हैं। लोग बम गिराने वालों का चरित्र जानते हैं। दुख की बात है कि बम गिराने वालों का समर्थन लेकर नकली शिवसेना सामने आ रही है। बाला साहेब ठाकरे कहते थे कि मैं कांग्रेस का समर्थन एक चिमटी से भी छूना नहीं चाहूंगा। नकली शिवसेना को माफी मांगना चाहिए। उन्होंने गलत मार्ग का चुनाव कर लिया है। मुख्यमंत्री ने उद्धव ठाकरे कांग्रेस और शरद पवार के गठबंधन को लेकर कहा कि यही हम बार-बार बोल रहे हैं कि यह लोग न वीर सावरकर का सम्मान कर रहे हैं, शेष पेज 6 पर



### ये सरकार, सरकार का फर्क होता है

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार चल रही है। हमारी सरकार द्रुत गति से पूरे देश में विकास कार्य कर रही है। इसी सरकार के कारण इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से काम चल रहा है, यहां तक कि अब हम समुद्र में टनल बना कर आवागमन कर रहे हैं। हमने वह सरकार भी देखी है जिसके कारण मेट्रो का काम रोक दिया गया। इतना ही नहीं विकास के काम पर भी अड़ंगे लगाए गए। ये सरकार, सरकार का फर्क होता है जो अब साफ तौर से दिखाई दे रहा है।





## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में टूरिस्ट कपल को मारी गोली



**अनंतनाग।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग और शोपियां में दो अलग-अलग फायरिंग की घटना सामने आई है। शोपियां के हीरपोरा इलाके में आतंकियों ने भाजपा नेता और पूर्व सरपंच एजाज अहमद पर फायरिंग की थी, उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। वहीं अनंतनाग के पहलगाम इलाके में यहां जयपुर के एक कपल फरहा और तबरेज को गोली लगी है। दोनों पति-पत्नी गंभीर हालत में भर्ती हैं।

### वाहन पलटा 2 महिलाओं की मौत, सात घायल



**शाजापुर।** जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनवाड़ी के पास फोरलेन पर शनिवार की सुबह सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनवाड़ी में आवारा पशु को बचाने के चक्कर में एक चार पहिया तूफान वाहन पलट गया। इसमें एक महिला की मौके पर और एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, सात लोग घायल हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

### सीएम केजरीवाल ने पीसी कर पीएम को कहा- ये एक-एक करके क्या आप हम लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं? एक साथ सभी को गिरफ्तार कर लीजिए

# बिभव की अग्रिम जमानत खारिज, केजरी ने कहा आज भाजपा ऑफिस आ रहा हूं, अरेस्ट कर लेना



केजरीवाल ने अपनी पूरी प्रेस वार्ता में स्वाति मालीवाल का नाम लिया लेकिन, इस घटनाक्रम के पीछे इशारों में भाजपा की साजिश करार दिया

◆ कई दिनों की खोज के बाद बिभव को पुलिस ने पकड़ा और सिविल लाइंस थाने ले गई। इससे बिभव कुमार पर पुलिस का शिकंजा कस गया।

स्वाति मालीवाल से 13 मई 2024 की सुबह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर मारपीट की कथित घटना हुई थी

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

शनिवार को स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कई दिनों की खोज के बाद बिभव को पुलिस ने पकड़ा और सिविल लाइंस थाने ले गई। इससे बिभव कुमार पर पुलिस का शिकंजा कस गया। जिसके बाद बिभव ने कोर्ट में अंतरिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसको दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने शनिवार को खारिज कर दिया। कोर्ट से बिभव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने के तुरंत बाद केजरीवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस की। केजरीवाल ने अपनी पूरी प्रेस शेष पेज 6 पर

मालीवाल के शरीर पर कुल 4 जगहों पर चोट के निशान पाए गए हैं



सीएम केजरीवाल के घर से उनके पीए बिभव को गिरफ्तार करने पुलिस पहुंची।

### केजरीवाल ने कहा...पीएम 'जेल का खेल' खेल रहे हैं

केजरीवाल ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप 'जेल का खेल' खेल रहे हैं। रविवार को मैं अपने सभी शीर्ष नेताओं, विधायकों, सांसदों के साथ दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं। आप जिसे चाहें जेल में डाल सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी, ये एक-एक करके क्या आप हम लोगों को गिरफ़्तार कर रहे हैं? एक साथ सभी को गिरफ़्तार कर लीजिए।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा

### जनता केजरीवाल को माफ नहीं करेगी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जो बोलना है, अरविंद केजरीवाल को बोलना है। जो हुआ है, उनकी पार्टी में हुआ है, उनके घर में घटना घटी। वे(स्वाति मालीवाल) उन्हीं की पार्टी की राज्यसभा सांसद हैं। जनता सब देख रही है, जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

### आंख, गाल और पैर में स्वाति को लगी चोट?

शनिवार को स्वाति मेडिकल रिपोर्ट सामने आ गई। रिपोर्ट में स्वाति मालीवाल के दाहिने गाल पर आंख के नीचे और बाएं पैर पर चोट के निशान पाए गए हैं। मालीवाल के शरीर पर कुल 4 जगहों पर चोट के निशान पाए गए हैं।

### कौन है बिभव कुमार?



केजरीवाल और बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी है। 2015 में सीएम केजरीवाल के निजी सचिव बने बिभव लंबे समय से सीएम के साथ हैं। उनका ताल्लुक बिहार से है। वे वीडियो जर्नलिस्ट के तौर पर काम करते थे। उनकी मुलाकात अरविंद के साथ हुई और वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन मैग्जीन के लिए काम करने लगे। सतर्कता विभाग ने कुछ सप्ताह पहले उनकी नियुक्ति को रद्द कर दिया था।

### कोर्ट रूम में क्या हुआ?

### सीएम हाउस के ड्राइंग रूम वाले कुछ वीडियो क्लिप्स भी दिखाए गए

▶▶ बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर तीस हजारी कोर्ट में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने दलील दी कि उनके मुवक्किल दोपहर 12 बजे से पुलिस स्टेशन में मौजूद है, उनकी गिरफ्तारी की आशंका है क्योंकि उनके खिलाफ आईपीसी 308 समेत अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और कोई ऐसी धारा नहीं लगी है जिसमें 7 साल से ज्यादा की सजा हो।

▶▶ इसका विरोध करते हुए एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर ने कोर्ट को बताया कि बिभव कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसके बाद यह अदालत के आदेश में दर्ज किया गया कि दोपहर 4 बजे बिभव कुमार की गिरफ्तारी हुई है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो गया है। इसलिए, इस पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं बनता, याचिका निष्प्रभावी हो गई है।

▶▶ सुनवाई के दौरान बिभव कुमार के वकीलों की ओर से कोर्ट को सीएम हाउस के ड्राइंगरूम वाले कुछ वीडियो क्लिप भी दिखाए गए, जिनसे इस बात की पुष्टि हो सके कि मालीवाल के साथ कोई मारपीट नहीं हुई थी।

हरियाणा के नूंह में बड़ा हादसा

# श्रद्धालुओं की बस में लगी आग, 9 की मौत, 24 झुलसे



एजेंसी ▶▶नूंह

■ वृंदावन से दर्शन करके लौट रहे थे 60 लोग

हरियाणा के नूंह में टूरिस्ट बस में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। यह हादसा कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ। बस में करीब 60 लोग सवार थे, जिसमें से 9 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो शेष पेज 6 पर

### आंध्र प्रदेश: सड़क हादसे में दूल्हे समेत 6 की मौत

**हैदराबाद।** अनंतपुर जिले में बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक दूल्हे समेत 6 लोगों की मौत हो गई। अनंतपुर के सात लोग एक कार में शादी की खरीददारी के लिए हैदराबाद गए थे। लौटते वक्त गूटी के पास बाचुपल्ली में हादसा हो गया। पुलिस ने बताया कि कार के ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिससे कार डिवाइडर पार करके वह ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार का ड्राइवर बच गया। मृतकों में दो नाबालिग भी हैं।

6 राज्यों व 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 695 प्रत्याशी मैदान में

# पांचवें चरण का प्रचार थम गया 20 मई को 49 सीटों पर मतदान



राहुल गांधी, स्मृति ईरानी, दिनेश प्रताप सहित कई दिग्गजों के भाग्य का होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण का प्रचार शनिवार शाम को थम गया। आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों के लिए शेष पेज 6 पर

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह समेत कई नेताओं ने घर से किया मतदान

*इधर, पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी और पूर्व मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने घरेलू मतदान सुविधा का उपयोग करते हुए मतदान किया। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने यह जानकारी दी है। गुरुवार को बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए घर पर मतदान की सुविधा शुरू की गई और यह 24 मई तक रहेगी।*

## हरदा की महिला डीईओ पीएम सिंह सस्पेंड हुई



■ नाबालिग पोते को बूथ के अंदर ले गए थे पूर्व मंत्री

**हरदा।** जिले में सेक्टर प्रभारी बनी जिला शिक्षा अधिकारी पीएम सिंह को नर्मदापुरम संभाग आयुक्त पवन शर्मा ने निलंबित कर दिया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान लापरवाही बरती थी। मतदान दिनांक 7 मई को हरदा पॉलिटेक्निक कॉलेज के मतदान केंद्र क्रमांक 107 पर पूर्व मंत्री कमल पटेल मतदान करने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ एक नाबालिग बालक गया था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के शेष पेज 6 पर

## छग में 5 लोगों की हत्या, फिर खुद फंदे से लटक गया हत्यारा



एफएसएल की टीम की मदद से इस जघन्य हत्या के कारणों की जांच की जा रही

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ जिले के एक घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की खून से सनी लाश मिली है। वहीं एक लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मामला सलीहा थाना इलाके के थरगांव का है। जहां शनिवार को घर के अलग-अलग कमरे में शेष पेज 6 पर

*नया सिस्टम: आज उत्तरी मप्र के कई जिलों में चलेगी लू, एक दर्जन से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ पड़ेंगी बौछारें*

# आधे प्रदेश में लू, आधे में बादल-बारिश, भोपाल में गर्मी बढ़ी

### अभी कुछ दिन तक भोपाल में हीट-वेव का असर नहीं होगा

दतिया में पारा 47 डिग्री पार, जबकि आधा दर्जन जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के करीब रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश में मौसम का मिजाज फिर बदल रहा है। आधे प्रदेश में लू का असर हो रहा है तो आधे में बादल और बौछारों के साथ ही कई जगह बारिश दर्ज की जा रही है। शनिवार को तीन जिलों में लू चली, जबकि आधा दर्जन जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के करीब रहा। कई शहरों के आसमान पर बादल छाए रहे और कुछ जगह बौछारें पड़ीं। दतिया में पारासर्वाधिक 47.2 डिग्री शेष पेज 6 पर



लिंक रोड नंबर एक में लोग गर्मी से बचने के लिए जतन करते दिखे।

### आज यहां चलेगी लू

*हरदा, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में रविवार को लू का असर रहेगा। इसके साथ ही सोमवार को भी इन जिलों में लू के साथ तेज गर्मी का अलर्ट है। शनिवार शाम तक कई जिलों में आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई। मंदसौर, रतलाम, बैतूल और छिंदवाड़ा में धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई। इसके साथ ही नीमच, शाजापुर, उज्जैन, सीहोर, देवास, इंदौर, गुना,* शेष पेज 6 पर





# श्रीमहालक्ष्मी यज्ञ के साथ श्रीराम कथा का समापन यज्ञ में आहुति देकर भंडारे में शामिल हुए ग्रामीण

### ग्राम पिपलिया रामगढ़ के श्रीरामजानकी मंदिर में आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



श्रीरामजानकी मंदिर ग्राम पिपलिया रामगढ़ में शनिवार को श्रीमहालक्ष्मी यज्ञ के साथ श्रीराम कथा का समापन हुआ। श्रीधाम वृंदावन से पधारे पं. अशोक कृष्ण शास्त्री के मुख से श्रीराम कथा का ग्रामीणों ने रसपान किया। पं. अशोक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीराम कथा सुनने मात्र से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। शास्त्री ने बताया कि श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। भगवान श्रीराम ने जिस तरह अपने गुरु, माता पिता, ऋषि मुनियों की आज्ञा को शिरोधार्य कर मर्यादा का हमेशा पालन किया, हमें भी भगवान के जीवन चरित्र से शिक्षा लेने की जरूरत है। यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध कर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करता है। श्रीराम कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में ग्रामीण रहवासी समेत आस-पास के क्षेत्रवासी भी शामिल हुए।

*शनिदेव का 125 लीटर तेल से होगा अभिषेक*

## नवग्रह मंदिर नेहरू नगर में शनि जयंती महोत्सव 29 से, तैयारियां शुरू



*भोपाल। राजधानी के प्राचीन नवग्रह मंदिर नेहरू नगर में 29 मई से 6 जून तक शनि जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत मंदिर में 9 दिवसीय 121 कुंडीय नवग्रह महायज्ञ होगा। महोत्सव का शुभारंभ गणेश व पंचांग पूजन के साथ किया जाएगा। शनिवार को भूमि पूजन के साथ तैयारी शुरू हो गई। मंदिर के संस्थापक पुजारी पंडित गजेंद्र शास्त्री के सानिध्य में भूमि पूजन कराया। इस अवसर पर वचन का प्रख्यात प्रवचनकार महाराज वैभव भटेले आदि लोग मौजूद थे।*

### स्कूल शिक्षा विभाग ने की स्कूल छोड़ने वाले 14 लाख विद्यार्थियों की समीक्षा

# शाला त्यागी बच्चों को लाएंगे स्कूल किया जाएगा प्रवेश के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के शाला त्यागी बच्चों को वापस शिक्षा से जोड़ने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने कवायद तेज कर दी है। हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग के सर्वे में 14 लाख विद्यार्थियों के स्कूल छोड़ने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में जिलों के अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के बच्चों को वापस स्कूल लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी एपीसी को भोपाल बुलाया गया था। दो दिन तक भोपाल में चली बैठक में ड्रापआउट विद्यार्थियों की स्थिति जानने समीक्षा की गई। जिलों के एपीसी जेंडर व ईएंडआर इस बैठक में शामिल हुए हैं। बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि पढ़ाई छोड़ चुके छात्र फिर से वापस पढ़ना चाहते हैं, तो उनके बारे में भी उन्हें प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा फिर से शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ा जाएगा। यदि कोई छात्र पढ़ाई नहीं करना चाहता है, तो शाला त्यागी छात्र के रूप में उसे चिंहित किया जाएगा और पूछा जाए कि आखिर क्यों पढ़ाई नहीं करना चाहता है।

### सबसे ज्यादा विद्यार्थियों की संख्या भोपाल जिले की

*दरअसल प्रदेश के विद्यार्थियों का पढ़ाई से मोह भंग हो चुका है। सत्र 2023-24 में 14 लाख बच्चे पढ़ाई छोड़ चुके है। यानी हर स्कूल से 15 से 20 छात्रों का पढ़ाई से मोह भंग हुआ है। विभाग अब इन बच्चों को वापस शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयास कर रहा है। स्कूल छोड़ने में सबसे ज्यादा विद्यार्थियों की संख्या भोपाल जिले में है। यहां 46 हजार विद्यार्थियों ने स्कूल छोड़ा है।*

### पुलिस परिवार के बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दी बधाई

## 7वीं, 23वीं और 25वीं वाहिनी में मेधावी विद्यार्थी को किया सम्मानित



**भोपाल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विसबल, पुलिस मुख्यालय, भोपाल साजिद फरीद शापू ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं, 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 7वीं, 23वीं, 25वीं वाहिनी विसबल, भोपाल के पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के बच्चों का 25वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल भदभदा रोड भोपाल में सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विसबल शापू ने भोपाल के इकाई आगमन पर पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के बच्चों द्वारा गुलाब के पुष्प भेट किए। कार्यक्रम में उपस्थित उप पुलिस महानिरीक्षक मध्य क्षेत्र विसबल, भोपाल अमित सांघी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। जिसमें उनके द्वारा पुलिस परिवार के बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी गई।

### 21 को जारी होगी मेरिट लिस्ट, 21 से 25 मई के बीच जमा करना होगी फीस

## बीएड में प्रवेश के लिए 81 हजार पंजीयन, 75 हजार ने कराया सत्यापन

*भोपाल। राजधानी सहित प्रदेशभर के बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रक्रिया अभी जारी है। एक दिन पहले तक प्रदेश के कॉलेजों में बीएड में प्रवेश के लिए कुल 81687 ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, 75,067 ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। वहीं, बीपीएड के लिए 865 रजिस्ट्रेशन, 722 ने सत्यापन कराया। एमपीएड 706 रजिस्ट्रेशन, 637 सत्यापन, एमएड 897 रजिस्ट्रेशन, 764 का सत्यापन हुआ है। इसके अलावा बीएबीएड 2213 का पंजीयन, 1792 का सत्यापन किया गया। बीएलएड 102 रजिस्ट्रेशन और 66 का सत्यापन किया। बीएड पार्ट टाइम के लिए 93 का पंजीयन और 23 ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। एनसीटीई के कुल 9 कोर्सेस के लिए 88,835 ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि 80,986 आवेदकों ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा लिया है।*

### पहले चरण में 21 को सीट आवंटन

*मेरिट के आधार पर वरीयता के अनुसार पहले चरण में 21 मई को सीट आवंटन होगा। आवंटित कॉलेज के लिए ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 21 से 25 मई के बीच कराना होगा।*

# चार दिन भोपाल में रहेगा हज यात्रियों का मेला, 21 और 22 को जाएंगी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से 21 और 22 मई को जेद्दा के लिए सीधी फ्लाइट उड़ेगी। पहले दिन हज यात्रा पर 183 और दूसरे दिन 202 यात्री जाएंगे। राजा भोज विमानतल पर सुबह साढ़े पांच बजे से उड़ानें रवाना होंगी। 21 मई को उड़ान भरने वाली भोपाल एयरपोर्ट से पहली हज फ्लाइट के लिए प्रदेश के हाजी 19 मई को हज हाउस पर आमद देंगे।

हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने बताया कि हज यात्रा को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। इंदौर से एक फ्लाइट जा चुकी है। 21 और 22 मई को भोपाल से फ्लाइट उड़ेंगी। प्रदेश के करीब सात हजार हज यात्रियों की रवानगी 21 मई से मुंबई विमानतल से होगी। यह सिलसिला 9 जून तक जारी रहेगा। सेंट्रल हज कमेटी के शेड्यूल के हिसाब से पहली फ्लाइट में 182 और दूसरी फ्लाइट में 183 हाजी जाना है। बताया जा रहा है कि इन फ्लाइट की क्षमता 189 यात्रियों की है, इसके मुताबिक अन्य स्थानों के हाजियों को भी इनमें एडजस्ट किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि इन फ्लाइट के साथ प्रदेश के खादिम उल हुज्जाज भी रवाना हो सकते हैं।



### वॉलंटियर्स संभालेंगे व्यवस्था

*प्रदेश के हज यात्रियों के चार दिन भोपाल हज हाउस ठहरने के दौरान स्थानीय वॉलंटियर व्यवस्थाएं संभालते हैं। हाजियों के चाय, नाश्ते, खाने और उन्हें एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था इनके द्वारा ही की जाती है। हालांकि, इन सारे इंतजाम के लिए सेंट्रल हज कमेटी द्वारा प्रदेश हज कमेटी को राशि भी उपलब्ध कराई जाती है।*

निजी व्यक्ति को कराया हज, आरिफ नगर में बना दी सड़क

# सात साल से शाही औकाफ कमेटी ने नहीं दिया हिसाब, प्रबंधन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र वक्फ बोर्ड के अधीन आने वाली शाही औकाफ कमेटी का काम फिर सवालों के घेरे में आ गया है। वक्फ बोर्ड ने कमेटी की प्रबंधन कमेटी को हिसाब पेश करने का नोटिस जारी किया है। दरअसल कमेटी ने अपने खर्च पर एक निजी व्यक्ति को हज कराने और आरिफ नगर में सड़क निर्माण जैसे खर्च दिखाए हैं। जिसका ऑडिट कराया जाना है। मप्र वक्फ बोर्ड ने औकाफ ए शाही को जारी नोटिस वर्ष 2017 के लिए पेश किए गए हिसाब को लेकर है। बोर्ड ने इन सारे नियम विरुद्ध खर्चों को लेकर 22 बिंदुओं पर आधारित नोटिस जारी किया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनव्वर पटेल ने बताया कि औकाफ ए शाही के हिसाब कई वर्षों से पेश नहीं किए जा रहे हैं। आखिरी बार 2017 में पेश किए गए हिसाब में कई ऑडिट आपत्तियां मिली हैं।

### 5 साल पुराने मामले में जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला

# कॉशन मनी देने से स्कूल ने कर दिया था इनकार, अब देने पड़ेंगे 20 हजार रुपए

**स्कूल का तर्क-अभिभावक ने पूरी फीस जमा नहीं की, आयोग ने खारिज किया**

**अगर फीस बकाया होती तो फिर टीसी कैसे दी जा सकती है, स्कूल ने लापरवाही की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल द्वारा कॉशन मनी नहीं लौटाने के एक पांच साल पुराने के एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता राहत दी है। मामले में उपभोक्ता आयोग ने आदेश दिए हैं कि स्कूल को दो माह के अंदर नौ प्रतिशत ब्याज के साथ काशन मनी 5 हजार रुपए और 15 हजार क्षतिपूर्ति राशि उपभोक्ता को देनी होगी।

आयोग ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि निजी स्कूल ने मनमानी की है। आयोग ने स्कूल के इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि अभिभावक ने पूरी फीस जमा नहीं की, इस संबंध में कोई दस्तावेज भी जमा नहीं किए गए। साथ ही स्कूल ने खुद ही कॉशन मनी रिफंडेबल होने की बात कही थी। जब विद्यार्थी को टीसी प्रदान की गई है तो स्कूल की ओर से नो ड्यूज का प्रमाण पत्र जारी किया गया होगा। अगर फीस बकाया होती तो फिर टीसी कैसे दी जा सकती है। निजी स्कूल ने लापरवाही की है। इस कारण अभिभावक को काशनमनी सहित मानसिक क्षतिपूर्ति राशि देनी होगी। यह फैसला जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष गिरीबाला सिंह व सदस्य अरुण प्रताप सिंह की बेंच ने सुनाया है।

### यह है पूरा मामला

*दरअसल, जाटखेड़ी निवासी ज्योति चैबितकर ने एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल के संचालक व प्रधानाचार्य के खिलाफ जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया था। शिकायत में बताया गया था कि उन्होंने अपने बेटे का एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल में 2018-19 में केजी-2 में प्रवेश कराया था। उस दौरान प्रवेश शुल्क 22 हजार रुपये जमा किया था, जिसमें दो हजार फार्म फीस, 15 हजार रुपए एडमिशन फीस एवं पांच हजार रुपये काशन मनी शामिल थी। स्कूल द्वारा आश्वासन दिया गया था कि अगर बच्चे की टीसी वापस लेंगे तो काशन मनी वापस कर दी जाएगी। जब अभिभावक ने 28 फरवरी 2019 में बेटे की टीसी ली तो उसे काशन मनी नहीं प्रदान की गई। स्कूल संचालक ने एक माह बाद काशन मनी देने की बात की, लेकिन नहीं दी गई। जिसके बाद उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद लगाया था।*

# रास्ते में खड़ी फार्च्यूनर कार हटाने का बोला तो चाकू और रॉड मारकर युवकों लूटा

## जान बचाकर भागे तो रास्ता रोककर आई-20 कार के कांच फोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड स्थित ग्राम बैरागढ़ चीचली के पास सड़क पर खड़ी फार्च्यूनर कार हटाने का बोला तो कार सवार तीन लोगों ने आई-20 कार में बैठे दो युवकों को चाकू अड़ाकर लूट लिया और रॉड मारकर घायल कर दिया। बचने के लिए दोनों ने कार लेकर भागे तो पीछा कर रोका और कार में तोड़फोड़ कर दी। यह घटना गुरुवार शाम करीब पांच बजे की है, जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार दोपहर को दर्ज कराई गई। हमले में घायल हुए दोनों युवकों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक रूपेश मारन (24) रातीबड़ का रहने वाला है। रूपेश ने पुलिस को बताया कि उसका भाई नरेंद्र मारन गुरुवार को अपनी आई-20 कार से रिश्तेदार सुमित मारन के साथ सुहागपुर से अपने गांव बरखेड़ी कला लौट रहे था।

### तीन आरोपियों ने किया हमला

शाम करीब पांच बजे ग्राम बैरागढ़ चीचली कोलार रोड स्थित नारायण की डेयरी के पास पहुंचे तो रास्ते में एक फार्च्यूनर कार खड़ी थी। नरेंद्र ने रास्ते से कार हटाने का बोला तो उसमें सवार तीन लोग नीचे उतरे और नरेंद्र के गले पर चाकू अड़ाकर सोने की चैन छीन ली। उसके बाद नरेंद्र को कार से नीचे उतारकर पैसे निकालने का बोला तो उसने बताया कि पैसे नहीं हैं। इस पर एक युवक ने नरेंद्र के पेट में चाकू मार दिया, जबकि उसके साथी ने सुमित को रॉड मारकर घायल कर दिया। नरेंद्र और सुमित जान बचाकर भागे तो फार्च्यूनर वालों ने पीछा कर केरवा चौकी के पास उन्हें रोक लिया। उन्होंने पत्थर मारकर नरेंद्र की कार के कांच फोड़ दिए और सुमित के पास रखे 10 हजार रुपए छीन लिए। राहगीरों की भीड़ लगने लगी तो सभी लोग मौके से भाग निकले। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। नरेंद्र ने घटना की जानकारी अपने भाई रूपेश को दी, जिसके बाद शुक्रवार दोपहर रूपेश ने कोलार थाने पहुंचकर केस दर्ज करवाया।

### सदस्यता अभियान चलाया

# राष्ट्रीय सिंधी मंच की 51 लोगों ने ग्रहण की आजीवन सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय सिंधी मंच के जिला अध्यक्ष हीरो हिंदू के आह्वान पर सिंधी समाज के 51 लोगों ने राष्ट्रीय सिंधी मंच की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। आजीवन सदस्यता अभियान का मूल उद्देश्य सिंधी समाज को एक ही कड़ी में जोड़ने का है, जिसमें विभिन्न सेवाओं से जुड़े सभी लोग इस संगठन के माध्यम से अपनी अपनी सेवा प्रदान करके समाज को मजबूती प्रदान करने की है।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सिंधी समाज के आध्यात्मिक गुरु कथा वाचक मुकेश महाराज के रिबन काटने के साथ हुआ। उन्होंने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ज्योत जलाई। इस मौके पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश इसरानी, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष सबूमल रिजवानी, राष्ट्रीय सिंधी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल उत्तबानी, प्रदेश अध्यक्ष राजू रामानी, जिलाध्यक्ष हीरो इसरानी, रेलवे सलाहकार समिति के नितेश लाल, भाजपा नेता प्रवीण प्रेमचंदानी व महेश खटवानी मौजूद थे।

# एम्स के डॉ. दुबेपुरिया ने इटली में प्रस्तुत किया शोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के बर्न और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राहुल दुबेपुरिया ने माइक्रोसर्जरी के लिए यूरोपीय फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज (ईएफएसएम 2024) की 16वीं कांग्रेस में भाग लिया। इस सम्मेलन का आयोजन इटली के मिलान में किया गया था। सम्मेलन में 40 देशों के 850 से अधिक माइक्रो सर्जन्स ने भाग लिया। डॉ दुबेपुरिया ने प्रसूति ब्रेकियल प्लेक्सस पाल्सी (ओबीपीपी) के उपचार पर अपना शोध प्रस्तुत किया। ब्रैकियल प्लेक्सस आपस में जुड़ी हुई नसों का एक नेटवर्क है जो बांह और हाथ में गति और संवेदना को नियंत्रित करता है। ब्रेकियल प्लेक्सस की चोट में इन नसों को अचानक नुकसान होता है, जिससे कंधे, बांह और हाथ में दर्द, कमजोरी, संवेदना की हानि या गति में कमी हो सकती है।

# सड़क पार कर रही महिला को डंपर ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव रातातल में शनिवार शाम सड़क पार कर रही महिला को डंपर ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद डंपर का चालक मौके पर डंपर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने डंपर बरामद कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मुन्नीबाई कुशवाहा (38) ग्राम रातातल ईटखेड़ी में रहती थी और गृहणी थी। शनिवार की शाम करीब चार बजे वह मंदिर जाने के लिए घर से निकली थी। घर से कुछ दूरी पर वह सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने मुन्नीबाई को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया था।

### समर सीजन में टिकट को लेकर हो रही मारामारी, दलाल सक्रिय

# टिकटों की कालाबाजारी करने वाले दलालों को पकड़ने रेलवे ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



समर सीजन के साथ ही एक तरफ जहां ट्रेनों में भीड़ व टिकट को लेकर मारामारी देखने को मिल रही है। टिकटों की कालाबाजारी करने वाली एजेंट व दलाल सक्रिय हो गए। तो वहीं भोपाल रेल मंडल की ओर से ऐसे दलालों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।

रेलवे अधिकारी का कहना है कि रेलवे लगातार यह चेतावनी जारी करती है कि टिकट या तो रेलवे के विंडो या ऑनलाइन या फिर रेलवे के अधिकृत वेंडर से ही खरीदे। इसके बाद भी यात्री नहीं मानते नहीं है और दलालों व अनाधिकृत लोगों से अपने टिकट बुक करा लेते हैं। अब रेलवे ने इन अनाधिकृत दलालों के खिलाफ अभियान चला दिया है। भोपाल रेल मंडल की ओर से रेल सुरक्षा बल ने अभियान चलाकर लगातार दलालों की धरपकड़ की जा रही है। भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि विगत दिनों कुछ दलालों को आरपीएफ द्वारा पकड़ गया है। इसके साथ ही रेलवे की ओर से यात्रियों से रेलवे टिकट काउंटर या ऑनलाइन लेने के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पकड़े गए दलालों के कब्जे से 137 रेल टिकट जब्त किए गए थे।

# संस्कृत भारती मध्यभारत प्रांत का प्रबोधन वर्ग आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवाजी नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कृत भारती मध्यभारत प्रांत का प्रबोधनवर्ग आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शुशील पाण्डेय आरजीपीवी पर्यवेक्षक, निवेदिता चतुर्वेदी, सदस्य मप्र बाल आयोग, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा एवं वर्ग अधिकारी डॉ. नीरज शर्मा उपस्थित रहे। वर्ग में पवन द्विवेदी, ब्रजमोहन शर्मा, शिक्षिका वैजयंती माला, विनय सिंह, प्रयांश पाठक, ओमप्रकाश नागर शिक्षक के रूप में हैं तथा नगर के कार्यकर्ताओं में कमल चन्द संकडिया विभाग संयोजक, सूर्य प्रकाश जोशी महानगर अध्यक्ष, डॉ एस के तिवारी उपस्थित रहे।

# भोपाल की डमरू टीम पुरी में मचाएगी धूम, अयोध्या की तरह जीतेगी देश का दिल

कपिलदेव श्रीवास्तव ▶▶ भोपाल

अलग खबर

22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या में भगवान राम की स्तुति कर देशवासियों का दिल जीतने वाली भोपाल की 108 सदस्यीय डमरू टीम अब जगन्नाथ पुरी यात्रा महोत्सव में धूम मचाएगी। पहली बार टीम में 25 महिलाएं भी अपनी प्रस्तुति देंगी, जो आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसको अगले सप्ताह से टीम तैयारी शुरू करने जा रही है।

**खास बातें**

- पहली बार दल में शामिल होंगी 25 महिलाएं



### चार धाम जाने की थी योजना

श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति यानी भोपाल की 'डमरू टीम' की पहले हालही में शुरू हुई चारधाम यात्रा यानी बाबा केदारनाथ जाने की योजना थी। लेकिन वहां पर स्थिति खराब होने के चलते यह कार्यक्रम स्थगित हो गया था। टीम के अर्जुन सोनी ने बताया कि अब डमरू टीम अब जगन्नाथ पुरी यात्रा महोत्सव अपनी प्रस्तुति देगी। इसको लेकर अगले समाप्त से विशेष थीम को लेकर अपनी प्रेक्टिस शुरू करेगी। पहली बार टीम से 25 महिलाएं भी जुड़ने जा रही हैं।

### काशी विश्वनाथ में दी थी प्रस्तुति

सोनी ने बताया कि कीर्तन समिति को जुलाई में काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रस्तुति का मौका मिला था। यहां एक दिन के लिए बुलाया था, लेकिन 3 दिन तक रोक लिया गया। काशी में उनकी प्रस्तुति देखकर 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या बुलाया गया।

टीम अलग अंदाज में झांझ-मंजीरे, डमरू, नगाड़े से पूरा माहौल भक्तिमय करने में माहिर है। अर्जुन सोनी इस टीम का नेतृत्व करते हैं।

जगन्नाथ पुरी यात्रा महोत्सव को लेकर श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति यानी भोपाल की 'डमरू टीम' को बुलाया गया है। डमरू टीम भी इसको लेकर अपनी तैयारी शुरू करने जा रही है। अगले सप्ताह से टीम अपनी प्रस्तुति को लेकर प्रैक्टिस आदि शुरू करने जा रही है।

### सिर्फ तीन घंटे में ही पक रहे 15 दिन में नैसर्गिक रूप से पकने वाले आम

# जान के इन दुश्मनों को 'दबोचो'....

## आम को पकाने में खुलेआम हो रहा 'चीनी जहर' का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों शहर में आम की बम्पर आवक बनी हुई है। सुर्ख पीले और चमकदार दिखने वाले यह आम जानलेवा भी हो सकते हैं। दरअसल, इन आमों को पकाने के लिए खुलेआम चीनी पुड़िया का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पुड़िया से दो दिन में ही आम पक जाते हैं। लेकिन यह पुड़िया आपकी सेहत खराब कर सकती है। शनिवार को आम के साथ रखी इस पुड़िया का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। दावा किया जा रहा है कि यह फोटो नवबहार मंडी का है।

हालांकि फलों को पकाने के लिए इस तरह रसायनों का उपयोग नया नहीं है, लेकिन अब तक यह काम चोरी छिपे ही किया जाता था। यह पहली बार है कि फलों को पकाने के लिए खुलेआम इस पुड़िया का उपयोग किया जा रहा है। इस पुड़िया में क्या रसायन मिले हैं, इसकी भी किसी को जानकारी नहीं है।

### दो रुपए की पुड़िया से किडनी लिवर हो सकते हैं खराब

*विशेषज्ञों ने कहा-यह शरीर के लिए जहर से कम नहीं*

*मंडियों में आम के साथ खुलेआम रखी पुड़िया का फोटो हुआ वायरल*




### ऐसे पकाए जाते हैं आम

आम पकाने पंद्रह से 20 किलो कच्चे आम टोकरी में रखे जाते हैं। इसमें 4-5 पुड़ियां रख दी जाती हैं। फिर इन क्रेटों को पैक कर दिया जाता है। दो से तीन दिन बाद जब क्रेट्र को खोला जाता है तो आम पीले हो जाते हैं। फल विक्रेताओं का कहना है कि पहले कार्बाइड से यह काम होता था, लेकिन इसमें समय ज्यादा लगता था और आम भी ज्यादा पीला नहीं हो पाता था। इस चीनी पुड़िया से 20 आम पकाने में सिर्फ डेढ़ से दो रुपए का खर्चा ही आता है।

### अच्छी तरह धोकर ही करें इस्तेमाल

फलों को पकाने के लिए कैमिकल का इस्तेमाल शरीर के लिए घातक होता है। खासकर किडनी और लीवर पर असर करता है। अगर इसकी मात्रा अधिक रह जाए तो कैंसर का कारण भी सकता है। बाजारों से लाए फलों का इस्तेमाल अच्छी तरह धोकर ही करें। क्योंकि कैमिकल शरीर के कई अंगों के लिए हानिकारक होते हैं।

डॉ. प्रणव रघुवंशी, वरिष्ठ गैस्ट्रो एंट्रोलॉजिस्ट

### कैंसर का कारण बन सकती है यह पुड़िया

जब इस पुड़िया को आम की टोकरी में रखा जाता है तो नमी के संपर्क में आने से यह फट जाती है। इससे एथीलिन गैस निकलती है। इससे आम पूरी तरह से पक जाते हैं। इस तरह के रसायन से कैंसर भी हो सकता है।

### अखाद्य बर्फ से की जा रही बर्फ की डिमांड पूरी

## शहर में बन रही 50 क्विंटल बर्फ और खपत 150 क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी में राहत पहुंचाने वाली बफ हर आम ओ खास को पसंद है। शहर में गन्ने का रस, फलेवर्ड शेक, नीबू-पानी, शिकंजी हो या फिर खाने-पीने की दूसरी चीजें सभी को ठंडा करने के लिए बर्फ मिलाई जा रही है, लेकिन यह बर्फ आपकी सेहत बिगाड़ सकती है। वजह, इस बर्फ की कोई जांच नहीं की जा रही है।

खाद्य विभाग के रिकार्ड में सिर्फ एक खाद्य बर्फ बनाने की फैक्ट्री है, जिसका रोजाना उत्पादन करीब पचास क्विंटल होता है। इधर शहर में रोजाना करीब डेढ़ सौ क्विंटल बफ की खपत हो रही है। राजधानी में अखाद्य बर्फ बनाने वाली छह फैक्ट्रियां हैं, पर खाद्य बर्फ बनाने वाली एक ही फैक्ट्री है। जबकि शहर में हर जगह बर्फ के खाने-पीने में उपयोग हो रहा है। दूसरे जिलों से भी भोपाल में बर्फ नहीं आ रही है। इससे साफ है कि शहर में इस्तेमाल होने वाली ज्यादातर बर्फ अखाद्य श्रेणी की ही है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे का कहना है कि भोपाल में सिर्फ एक फैक्ट्री खाद्य बर्फ बनाने का कार्य करती है। अभी दूसरे नमूनों की जांच कर रहे थे। जल्द कार्रवाई की जाएगी।

*नुकसानदेह है अखाद्य बर्फ, खाद्य विभाग ने नहीं लिए सैंपल*



### कोल्ड स्टोरेज के लिए नीले रंग की बर्फ

खाने के लिए इस्तेमाल होने वाली बर्फ का रंग सफेद होता है। वहीं नीले रंग की बर्फ कोल्ड स्टोरेज के लिए उपयोग में लाई जाती है। सफेद बर्फ पीने योग्य पानी से बनाई जाती है। नीले रंग की बर्फ बनाने के लिए पानी का कोई मानक तय नहीं है। खाने की बर्फ बनाने के लिए खाद्य एवं औषधि से लाइसेंस लेना जरूरी होता है।

शिकायत के बाद रेलवे ने कही जांच कराने की बात

## वंदेभारत में लग रहे झटके, वाई फाई के लिए भी यात्री परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली-रानी कमलापति वंदेभारत एक्सप्रेस में शुक्रवार को यात्री वाईफाई को लेकर परेशान होते रहे। यह सुविधा नहीं मिलने पर यात्रियों द्वारा रेलवे को शिकायत की है। तो वहीं इसके बाद रेलवे ने मामले की गंभीरता को देखते हुए,जांच कराने की बात कहीं है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि कुछ अपडेट्स के कारण वाईफाई सुविधा नहीं मिल सकी। तो वहीं यात्रियों ने वंदेभारत एक्सप्रेस में सफर के दौरान झटके लगने की बात कही है।

### ऑनबोर्ड वाई-फाई

सूत्रों के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस में इंटरनेट के लिए ऑनबोर्ड वाई-फाई की सुविधा दी गई है। इसका सिस्टम इंटरनली फीड किया गया है। ट्रेन के अंदर हर कोच के यात्री इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। मगर शुक्रवार को आरकेएमपी आने के दौरान मोबाइल फोन या टैबलेट पर कुछ पढ़ने के लिए यात्री इंटरनेट का लुत्फ नहीं ले सके।

### नो इंटरनेट होता रहा शो

नहीं दिल्ली से रानीकमलापति की ओर आने वाली गाड़ी संख्या (20172) वंदेभारत एक्सप्रेस में वाईफाई ओपन करने पर नो इंटरनेट होता रहा शो ट्रेन में वाईफाई का आईकन 'वंदेभारतइंफॉर्टमेंट' ओपन रहा मगर इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी बंद रही। लगातार यात्रा के दौरान वाईफाई के ऑपशन के आगे नो इंटरनेट लिखा आता रहा। जिसको लेकर कई यात्री परेशान नजर आए। यात्री के कुमार शर्मा ने बताया 17 मई को वंदेभारत एक्सप्रेस में यात्रा में मेरा अनुभव उतना अच्छा नहीं रहा। वाईफाई नहीं चल रहा था तो कुछ एक अन्य यात्री का कहना था कि दिल्ली से ग्वालियर के बीच ट्रेन में सफर के दौरान झटके लग रहे हैं। यात्री की शिकायत को रेलवे ने गंभीरता से लिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## किसान आंदोलनः भोपाल आने वाली ट्रेन चल रही हैं देरी से

**भोपाल।** पंजाब के शंभू स्टेशन के नजदीक चल रहे किसान आंदोलन का खासा असर उस ओर से आवागमन करने वाली ट्रेनों पर इन दिनों पड़ रहा है। इसके चलते शनिवार को डायवर्ट रूट से आ रही 12716 अमृतसर-नांदेड़ सचखंड एक्सप्रेस 22 घंटे 25 मिनट की देरी से बताई गई। वहीं, 12919 डॉ. आम्बेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा एक्सप्रेस को भी बदले हुए रूट से ही चलाया जा रहा है। जो ट्रेनें लेट चल रही हैं उनमें 12409 गोंडवाना एक्सप्रेस 1 घंटे 35 मिनट, 12920 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 13 घंटे 55 मिनट, झेलम एक्सप्रेस 6 घंटे की देरी से आईं।

- अमृतसर-नांदेड़ सचखंड एक्स. हुई 22 घंटे 25 मिनट लेट

## भोपाल-हावड़ा ट्रेन में कल लगेगा थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी स्थाई कोच

**भोपाल।** समर सीजन में रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात तथा प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। इसी के तहत पमरे जोन की ओर से भोपाल-हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस मे थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी के एक अतिरिक्त स्थायी कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। इस अतिरिक्त स्थाई कोच गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस में अपने प्रारम्भिक स्टेशन हावड़ा से 20 मई को और गाड़ी संख्या 13026 भोपाल - हावड़ा एक्सप्रेस में अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से 22 मई को गन्तव्य के लिए एक तृतीय इकोनॉमी वातानुकूलित श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। रेल यात्रियों को थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी की अतिरिक्त कुल 80 बर्थ की सुविधा मिलेगी।

- यात्रियों को मिल सकेगी कुल 80 बर्थ की सुविधा

### एनआरआई अवस्थी ने ली हाईकोर्ट की शरण

## एजुकेशन के नाम पर बदला रिवेरा के प्लॉट का लैंडयूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो साल पहले हाउसिंग बोर्ड ने माता मंदिर स्थित रिवेरा टाउन में 879 वर्गमीटर के एक प्लॉट का लैडयूज बदला गया है। यहां नगर निगम ने एजुकेशन के नाम पर बिल्डिंग परमिशन दी है। जिसको लेकर रिवेरा टाउन ऑनर्स सोसाइटी के अध्यक्ष एनसी बघेल ने शनिवार को विरोध दर्ज कराया।

दरअसल, अफ्रीका में रहने वाले एनआरआई बिपिन अवस्थी को हाउसिंग बोर्ड ने 30 साल की लीज पर 2.34 करोड़ रुपए में 879 वर्ग मीटर जमीन आवंटित की है। जिसका उद्देश्य शैक्षणिक होना चाहिए, लेकिन इसमें हेल्थ, रिसर्च और कोचिंग क्लासेस बढ़ा दिया गया है, जिससे यहां कमर्शियल गतिविधियां की जा सकती हैं। सोसायटी के अध्यक्ष का कहना है कि इस जगह पर सिर्फ नर्सरी स्कूल खोला जा सकता है।

बताया जाता है कि फरवरी माह में नगर निगम ने बिल्डिंग परमिशन रद्द करने का नोटिस दिया था। जिसको लेकर एनआरआई अवस्थी ने अब हाईकोर्ट की शरण ली है और मामला वहीं है।

### उफ्फ ये गर्मी...



**भोपाल।** राजधानी में इन दिनों गर्मी शबाब पर है। लोग जरूरी काम से ही घर से निकल रहे हैं। इसी के साथ लोग भी बीमार हो रहे हैं। शनिवार को जेपी अस्पताल की ओपीडी की भीड़ यही बता रही है। इनसेट में रोशनपुरा चौराहे पर तेज गर्मी के बीच शरीर को ठंडक देने के लिए गन्ने का जूस पीतीं दो युवतियां।

### लव जिहाद की आशंका...

## युवती का अपहरण, धर्म बदलने बनाया दबाव तो हिंदू संगठन पहुंचा थाने

*पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, संगठन ने लगाया लव जिहाद का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित रीगल नेस्ट कॉलोनी से युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। युवती के परिजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा-3, 5 के तहत मामला दर्ज किया है। युवती के परिजन का आरोप है कि अन्ना नगर निवासी फैजल खान उर्फ बादशाह उनकी बेटी को बहला फुसलाकर केरल ले गया था। वहां शादी का दबाव बनाते हुए उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। यह बात पता चलते ही विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी थाने पहुंचे और विरोध किया।

पुलिस के अनुसार रीगल नेस्ट कैंपस अवधपुरी निवासी 20 साल की युवती 12वीं पास है। युवती का परिवार पहले अन्ना नगर में रहता था। तब पड़ोसी फैजल खान उर्फ बादशाह से युवती की दोस्ती हो गई।



### पुलिस ने किया थाने से चलता

गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे तो पुलिस ने बालिग होने के कारण थाने से चलता कर दिया। इसके बाद हिंदू संगठन को घटना की जानकारी दी। हिंदू संगठन थाने पहुंचा तो पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। प्रकरण दर्ज होने की जानकारी आरोपी के परिजन को लगी फिर फैजल तक पहुंच गई। शुक्रवार को फैजल ने केरल से फ्लाइट का टिकट कराकर युवती को लेकर इंदौर भेज दिया। इंदौर से युवती भोपाल पहुंची थी। भोपाल में युवती की काउंसलिंग ऊर्जा डेस्क में की गई। युवती ने काउंसलिंग में कहा कि वह फैजल से शादी करना चाहती है। इस पर परिजन का कहना है कि फैजल ने उसका ब्रेनबॉश कर दिया है।

### फैजल टैक्सी लेकर पहुंचा था घर

युवती के पिता ने बताया कि 14 मई शाम करीब 6 बजे बेटी घर में छोटे बेटे के साथ अकेली थी। इस बीच फैजल ने बेटी को बुलाया। उसने लेने टैक्सी भेजी थी। टैक्सी से बेटी खजूली कलां बायपास पहुंची। वहां से दूसरी कार की और बेटी को लेकर इटारसी पहुंचा। इटारसी से ट्रेन से दोनों कोझिकोड, केरल चले गए। हम लोग बेटी की तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### राजधानी में हुए 10 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड धारक

## आयुष्मान योजना के तहत जेपी में हुआ पहला घुटने का ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुषमान योजना के तहत जेपी अस्पताल में पहला घुटने का ट्रांसप्लांट किया गया। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी का कहना है कि ज्यादातर आयुषमान कार्ड धारक इस सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेज को प्राथमिकता देते हैं। सर्जरी अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज मोदी व उनकी टीम द्वारा की गई है।

जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव के अनुसार छतरपुर निवासी भगवानदास अहिरवार को घुटने में निरंतर तेज दर्द होने की शिकायत थी। अस्पताल में मरीज की विस्तृत जांच करने पर ओस्टियो आर्थराइटिस बीमारी पाई गई, जो एक डिजेनेरेटिव डिजीस है।

### जेपी के चिकित्सकों ने की जटिल सर्जरी

**खास बातें**

- मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ, चलने फिरने में भी सक्षम
- आयुष्मान योजना के तहत दिया पूरी तरह कैशलेस उपचार



जिसमें पूरा घुटना बदलने की जरूरत होती है। चिकित्सकों द्वारा जटिल सर्जरी कर घुटने प्रत्यारोपित किए गए। मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है और अब सामान्य रूप से बिना दर्द के चलने फिरने में सक्षम है। इस टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत पूरी तरह से कैशलेस उपचार दिया गया है। डॉ तिवारी ने बताया कि भोपाल में 10 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। बीते सप्ताह में श्रमिक पीठों पर आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविरों में 350 से अधिक नवीन पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा गया है।

### एक माह में 612 लोगों की जांच

## स्क्रीनिंग में दो मरीजों में मिले ओरल कैंसर के संकेत



गांधीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते एक माह से संचालित डेंटल यूनिट में 612 मरीजों की जांच व उपचार किया गया। जिसमें से 125 लोगों में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान दो मरीजों में कैंसर के लक्षण देखे गए। उन्हें हमीदिया अस्पताल रैफर किया गया। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि पूर्व में केवल जिला चिकित्सालय में ही दंत रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध थी। इसी को देखते हुए चार अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में डेंटल यूनिट संचालित की गई है। कोलार, गांधीनगर, बैरासिया व संतनगर में मौजूद सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक और शाम को 5 से 6 बजे तक यह संचालित हैं।

इसके पहले साइबर क्राइम ब्रांच पांच अन्य आरोपियों की पूर्व में कर चुकी है गिरफ्तारी

# मनी लांड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर 68.49 लाख की ठगी के मामले में दो और गिरफ्तार

**तीन महीने के अंदर 3 करोड़ 22 लाख रुपए के ट्रांजेक्शन की मिली थी जानकारी**

**क्राइम ब्रांच मुंबई का डीसीपी बनकर एक आरोपी ने स्काईप पर कॉल किया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा आधार आईडी से ड्रग पार्सल भेजने का आरोप लगाकर मनी लॉन्डरिंग में फंसाने की धमकी देकर 68.49 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के दो और आरोपियों को उड़ीसा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से मिले बैंक अकाउंट में पिछले तीन महीने के अंदर 3 करोड़ 22 लाख रुपए के ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है। इस गिरोह के पांच सदस्यों की पूर्व में ही गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

**खास बातें**

- आरोपियों के पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन जब्त किए
- फोन पर बताया कि आधार आईडी से एक ड्रग पार्सल मुंबई से ताईवान भेजा जा रहा है

**फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताकर किया था फोन**

क्राइम ब्रांच के अनुसार फरियादी ने अपनी शिकायत में बताया था कि अज्ञात व्यक्ति ने फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताकर उन्हें फोन किया और बताया कि उनकी आधार आईडी से एक ड्रग पार्सल मुंबई से ताईवान भेजा जा रहा है। उसके बाद क्राइम ब्रांच मुंबई का डीसीपी बनकर एक व्यक्ति ने स्काईप पर काल करके बताया कि उन्हें मनी लांड्रिंग केस में फंसाया जा सकता है। इस प्रकार का डर दिखाकर आरोपियों ने अपने अकाउंट्स में 68.49 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। साइबर क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।



**कमीशन लेकर बैंक अकाउंट्स उपलब्ध कराते थे आरोपी**

जांच के दौरान 2 आरोपियों ढ्बाडाला सिका (27) निवासी ग्राम कुसकेला थाना सिंधिकेला जिला बालंगीर उड़ीसा और रोहित तुरूक (25) निवासी ग्राम काकरीगुता लक्ष्मीपुर ब्लॉक जिला कोरापुट उड़ीसा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी प्राइवेट काम करते हैं और जालसाजों से कमीशन लेकर बैंक अकाउंट्स उपलब्ध कराते थे। उनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इसके पहले साइबर क्राइम ब्रांच जयपुर, दौसा राजस्थान और केरला से पांच अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि साइबर क्राइम संबंधित घटना घटित होने की सूचना भोपाल साइबर क्राइम के हेल्पलाइन नंबर 9479990636 अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दी जा सकती है।

17 मोबाइल और लाखों के सट्टे का हिसाब जब्त


# आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे झांसी के 9 सटोरिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने न्यू मिनाल रेसीडेंसी के एक मकान पर छापा मारकर आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे 9 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी सटोरिए झांसी उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए गए हैं।

क्राइम ब्रांच के अनुसार शुक्रवार रात सूचना मिली कि न्यू मिनाल रेसीडेंसी अयोध्या नगर स्थित एक मकान पर कुछ लड़के मुंबई विरुद्ध लखनऊ के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा बुक कर रहे हैं। सूचना के बाद मौक पर पहुंची क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम ने उक्त मकान पर छापा मारा तो वहां मौजूद 9 लड़के मोबाइल पर सट्टा बुक करते हुए मिले। पुलिस ने सभी सटोरियों को पकड़ लिया। उनके पास से 17 मोबाइल फोन, लाखों रुपए के हिसाब किताब का रजिस्टर जब्त किए हैं। आरोपियों के मोबाइल पर सट्टे की ऑनलाइन आईडी चलती मिली। पकड़े गए सटोरियों के नाम नवीन राय, प्रफुल्ल राय, मयंक कुशवाह, अजय राय, प्रशांत राय, सुमित खरे, राहुल, अखिलेश वर्मा और प्रदीप राय बताए। सभी सटोरिए झांसी उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए गए हैं।

**खबर संक्षेप**



## भागवत कथा सुनने से मिलता है बैकुंठ का मार्ग

**मंडीदीप।** श्रीमद् भागवत कथा कराना, सुनना पुण्य प्राप्ति का साधन नहीं है। भागवत के आयोजन एवं श्रवण से भक्ति की प्राप्ति होती है और बैकुंठ जाने का मार्ग मिलता है। पुण्य प्राप्त करने वाला व्यक्ति स्वर्ग जा सकता है, लेकिन भक्तिनारायण की शरण में ले जाती है, भक्तों को बैकुंठ में स्थान प्राप्त होता है। यह बात वृंदावन से आए कथा वाचक पं. इंद्रेश ने सेठ फूलचन्द नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कही। श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक संत इंद्रेश ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस थ्री में शुक्रवार देर रात एक महिला ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पति उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गायत्री शिल्पकार पति राहुल शिल्पकार (27) गृहणी थी। उसने राहुल से दूसरी शादी की थी और उसके साथ शिव नगर फेस थ्री में रहती थी। गायत्री का दो साल का बच्चा है। राहुल मिस्त्री का काम करता है।

## उधारी में सिगरेट नहीं देने पर मारी छुरी

**भोपाल।** टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र में बैरसिया रोड पर सिगरेट उधारी में सिगरेट नहीं देने पर बदमाश ने दुकानदार पर छुरी से हमला कर दिया, जिससे दुकानदार की अंगुलियों में गंभीर चोट आई है। पुलिस के अनुसार अजहर (24) बैरसिया रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट के सामने काजीकैंप में रहता है और पान की दुकान चलाता है। शुक्रवार दे रात वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी बीच शाहजेब नामक युवक पहुंचा और उधारी में सिगरेट मांगने लगा। अजहर ने उधारी देने से मना किया तो उसने मारपीट करते हुए अजहर को छुरी मार दी, जो उसके दाहिने हाथ की अंगुलियों में लगी।

## दंपती में कहासुनी, पति ने लगा ली फांसी

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित मकान नंबर 4/156 बीडीए कॉलोनी में शनिवार सुबह तारक सरकार (35) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि शुक्रवार रात उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद पत्नी पास ही रहने वाले रिश्तेदार के घर चली गई। वहां से शनिवार सुबह घर लौटी तो पति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| शुभांकः | 0549 | | |
| दिनः | 238 | 30 | 190 |
| रातः | --- | -- | --- |

गांधी नगर सेंट्रल जेल के सामने हुई हत्या का मामला

# मारपीट का बदला लेने उतारा था मौत के घाट, परिजनों ने किया चक्काजाम

**परिजन का आरोप- केवल चार पर ही दर्ज की गई एफआईआर दो अन्य आरोपियों के नाम नहीं**

**एक घंटे तक सड़क पर चला चक्काजाम, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर हटाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर में सेंट्रल जेल के सामने शुक्रवार शाम भाजयुमो के मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा की हत्या के मामले में शनिवार को पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। परिजन सुरेंद्र का शव लिंक रोड-2 पर लेकर पहुंचे और शव रखकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही मौके पर आलाधिकारी पहुंच गए और परिजन समेत रिश्तेदारों को समझाइश दी, लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं थे। परिजन का कहना था कि हत्या का प्रकरण केवल चार लोगों पर ही दर्ज किया गया है, जबकि हत्या कुख्यात बदमाश तंजील के गुर्गों ने की थी। उन्होंने हत्या के प्रकरण में तंजील और भूरा हड्डी पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया, तभी चक्काजाम हट सका।

**चाकू लगने से दोनों को गंभीर चोट आई**



पुलिस के अनुसार टीटी नगर निवासी 27 साल का सुरेंद्र कुशवाहा प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार शाम सुरेंद्र अपने साथी विकास वर्मा के साथ सतीश खरे को छोड़ने के लिए जेल गया था। सतीश खरे हत्या के मामले में पैरोल पर आया था। सतीश को जेल छोड़ने के लिए सुरेंद्र के साथ सतीश का भाई ईशू और विकास वर्मा भी पहुंचे थे। सतीश को जेल में दाखिल कराने के बाद सुरेंद्र ईशू और विकास बाहर खड़े थे, तभी पंचशील नगर निवासी दीपांशु सेन, संदेश, छोटा फैसल और आकाश भदौरिया ने सुरेंद्र और विकास को घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगने से दोनों को गंभीर चोट आई थी। दोनों को पास ही स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, वहां सुरेंद्र को प्राथमिक जांच में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मारपीट का बदला लेने के लिए सुरेंद्र की हत्या की है। विकास वर्मा को चाकू के दो गहरे घाव लगे थे।

**एकलौते बेटे की मौत से मां हुई बेसुध**

सुरेन्द्र के पिता लालाराम कुशवाहा की 10 साल पहले मौत हो चुकी है। एकलौती बहन की भी शादी हो चुकी है। वह अपनी मां माला कुशवाहा के साथ पंचशील नगर में रहता था। बेटे की मौत की खबर का पता चलते ही उसकी मां शुक्रवार रात से सदमे में हैं।

**चश्मदीद गवाह बोला उसे उठाकर ले गए**

हत्याकांड के चश्मदीद अनिकेत ने बताया कि शुक्रवार को सुरेन्द्र, विकास समेत छह लोग पैरोल पूरी होने पर सतीश खरे को जेल पहुंचाने गए थे। सतीश को जेल दाखिल कराने के बाद हम लोग घर आने के लिए निकले। तभी तंजील समेत उसके 10-12 गुर्गों ने घेर लिया। उन्होंने सुरेंद्र, विकास के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच सुरेन्द्र की जांघ में खड़ा चाकू घोंप दिया। जान बचाने के लिए वह जेल के गेट नंबर-2 की तरफ भागे। थोड़ी दूर जाकर वह बेसुध होकर गिर गए। इसके बाद तंजील ने अपने गुर्गों की तरफ इशारा कर मुझे अपने साथ उठाकर ईदगाह हिल्स मल्टी में लेकर आए। सभी ने मेरे साथ जमकर मारपीट की। मेरी दाहिनी आंख में चोट आई है। कहा- आइंदा सुरेंद्र और उसके किसी भी साथी के साथ दिखना नहीं।

**करना पड़ा ट्रैफिक डायवर्ट**

शनिवार को सुरेंद्र का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था। परिजन सुरेन्द्र के शव लेकर घर जा रहे थे। इससे पहले ही परिजन ने लिंक रोड-दो के पास नर्मदा भवन के सामने बीच सड़क में शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब 1 घंटे तक प्रदर्शन चला और गांधी नगर टीआई को मौके पर पहुंचना पड़ा। एक घंटे तक चक्काजाम होने के कारण ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। परिजन ने आरोप लगाए कि पुलिस ने एफआईआर में हत्या के मुख्य आरोपी तंजील, भूरा हड्डी का नाम नहीं लिखा। टीआई ने भरोसा दिलाया कि थाने आकर बयान दर्ज कराएं, जो भी आरोपियों के नाम नहीं लिखे गए। उन्हें जोड़ा जाएगा। करीब 1 घंटे तक चले हंगामे के बाद परिजन शव लेकर रवाना हुए।

चोरी और नकबजनी की चार वारदात का हुआ खुलासा

# नाबालिग समेत तीन बदमाश गिरफ्तार ढाई लाख का चोरी का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का करीब ढाई लाख रुपए का माल बरामद हुआ है। प्रारंभिक पूछताछ में इलाके में हुई चोरी और नकबजनी की चार वारदातों का खुलासा हुआ है।

पुलिस के मुताबिक विजय नगर लालघाटी में रहने वाले सुमित लच्छवानी बीती 10 मई की रात घर पर ताला लगाकर ईदगाह हिल्स अपनी ससुराल चले गए थे। ग्यारह मई को तड़के पड़ोसी ने फोन करके घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी। वह मौके पर पहुंचे घर का सामान बिखरा पड़ा था और एलईडी टीवी, तीन मोबाइल फोन, हाथ घड़ियां और नगद 15 हजार रुपए समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के दौरान इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने और मुखबिरों से मिली सूचना के बाद पुलिस ने रोहित रावल उर्फ चीकू (20), शाहरुख अली (20) दोनों निवासी मदर इंडिया कॉलोनी शाहजहांनाबाद और एक नाबालिग को हिरासत में लिया।

**सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पकड़ा**




पूछताछ में आरोपियों ने उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से सुमित के अलावा तीन अन्य स्थानों पर की गई वारदातों का सामान और मोटर साइकिल समेत करीब ढाई लाख रुपए का माल बरामद हुआ।

निजी अस्पताल के बाद एम्स में चल रहा था इलाज

# पूजा करते समय झुलसे वरिष्ठ पत्रकार की दो महीने बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पाटीदार की करीब दो महीने बाद इलाज के दौरान एम्स में मृत्यु हो गई। 23 मार्च को वे घर में हवन करते समय झुलस गए थे। उनका इलाज चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में चलता रहा और फिर परिजन ने उन्हें एम्स में भर्ती करा दिया था। उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा था, लेकिन शनिवार को तबीयत बिगड़ी और उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था। परिजन ने उनका अंतिम संस्कार परवलिया स्थित विश्राम घाट में कर दिया। जानकारी के अनुसार 66 साल के परवलिया सड़क इलाके में रहते थे। उनकी खेती किसानी थी। साथ ही वे पत्रकारिता से जुड़ें थे। गत 23 मार्च को उनके घर पूजन था और वह हवन में बैठकर पूजा कर रहे थे। इसी दौरान हवन में आहूती डालते समय आग भभकी और वे आग से झुलस गए।

कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्ष बनने आधा दर्जन नेता सक्रिय

# भाजपा और कांग्रेस में संगठन स्तर पर बदलाव की आस में कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव भी संपन्न हो गए हैं, अब भाजपा और कांग्रेस में संगठन स्तर पर बदलाव की आस में कार्यकर्ता हैं। कांग्रेस में तो ब्लॉक अध्यक्ष ही नहीं है, ब्लॉक अध्यक्ष बनने के लिए आधा दर्जन नेता सक्रिय हैं। वहीं भोजपुर क्षेत्र में कांग्रेस का बड़ा नुकसान हुआ है। कई प्रभावशाली नेता कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए हैं। वहीं वर्तमान में कांग्रेस के कुछ नेता भाजपा में जाने की तैयारी में हैं। भाजपा में भी दो पदाधिकारियों के खिलाफ असंतोष है। ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा में तो महामंत्री और मंडल अध्यक्ष के खिलाफ भारी असंतोष है। भाजपा में यह चर्चा गर्म है कि जो चुनावी कसौटी पर खरे नहीं उतरे उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। लोकसभा चुनाव में हुई लिफाफे गड़बड़ और अन्य गड़बड़ी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष को शिकायत कर चुके हैं।

▶ भोजपुर क्षेत्र में कांग्रेस का बड़ा नुकसान हुआ, कई नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं

**संगठन में 2 साल में परिवर्तन होना जरूरी**

ज्ञातव्य हो कि भाजपा में महामंत्री बनने के लिए कई नाम चर्चित हैं। उनमें ओपी मीणा, हेमराज मीणा, अरविंद जैन, नीटू जैन, पंकज कोठारी, प्रेम साहू आदि का नाम चर्चा में है। औबेदुल्लागंज मंडल अध्यक्ष के लिए दशरथ गुर्जर, संजय प्रजापति, पंकज कोठारी, पार्षद दीपू परमार, माधव यादव, रामकिशोर नंदवंशी, सबसे ज्यादा प्रभावशाली आनंद पांडे का नाम चर्चा में है। वहीं व्यंग्यकार अनिल कहते हैं कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। संगठन में 2 साल में परिवर्तन होना जरूरी है, जिससे संगठन प्रगति सील बने। भाजपा में तो नियम है एक पद का, मगर औबेदुल्लागंज मंडल और सुल्तानपुर मंडल में तो मंडल अध्यक्षों की पत्नी नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। इसीलिए माना जा रहा है कि दोनों मंडलों में जरूर बदलाव होगा। भाजपा के नेताओं का कहना है कि महामंत्री को लेकर भारी असंतोष है, इसीलिए अब शीघ्र संगठन में बदलाव की चर्चा तेज हो गई है।



## नप ने अभियान चलाकर काटा अवैध नल कनेक्शन

**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के निर्देशानुसार शनिवार को वार्ड 7 उमरिया में अवैध नल कनेक्शनों को काट कर बंद पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। अवैध नल कनेक्शनों को बंद किए जाने का अभियान निरंतर रूप से समस्त वार्डों में चलाया जाएगा।

इस अभियान में मुख्य रूप से कर्मचारी अधिकारी, जलप्रदाय शाखा प्रभारी प्रमोद तिवारी, सुभाष सराठे विनोद यादव, सुशील चतुर्वेदी, प्रमोद कुमार पांडेय, आशीष यादव, जितेंद्र सिरसवाल, संजय बाजपेई, मोतीलाल परमार, नारायण सिंह, रतीराम, सुरेन्द्र लोवांशी, शंकर लाल, दीपक मैथिल, बालकिशन, सुमेर सिंह, हरिनारायण कोरी, दीनदयाल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का शुभारंभ

**शिविर में जिनवाणी को भी किया विराजमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

श्री पार्श्वनाथ जिनालय महावीर मार्ग बैरसिया में सकल जैन समाज बैरसिया द्वारा परम पूज्य चिर जयवंत संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से सात दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रातः कलश स्थापना से किया, जिसका सौभाग्य प्रदीप कुमार जैन, निवर्तमान अध्यक्ष परिवार को प्राप्त हुआ। साथ में परिवार को श्री जिनवाणी को भी शिविर में विराजमान करने का अवसर प्राप्त हुआ।



**भगवान महावीर स्वामी का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया**

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की पूजन कर, ज्ञान कल्याणक पर्व मनाया। महावीर स्वामी भगवान की पूजन उपरांत बच्चों की कक्षा से शिविर प्रारंभ हुआ एवं समापन पर सभी बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रभारी संजय जैन, शिविर प्रभारी अमित जैन, समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष राजकुमार जैन, विनोद कुमार जैन, सतीश चंद्र जैन, प्रकाश जैन, प्रजल जैन आदि उपस्थित रहे।

गांधी नगर थाना पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी

# आठवीं की छात्रा से कॉलेज के छात्र ने किया दुष्कर्म

**दुकान पर आते-जाते समय सुशांक से हुई थी पहचान, इंजीनियरिंग की कर रहा पढ़ाई**

**किशोरी को अपने घर बुलाया और बंधक बनाकर तथा डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र में आठवीं कक्षा की छात्रा से कॉलेज के छात्र द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी छात्र उसे डरा-धमकाकर अपने साथ ले गया था और उससे दुष्कर्म किया।

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी आठवीं कक्षा में पढ़ती है। उसका एक दुकान पर आना-जाना था। इस दुकान पर सुशांत नामक युवक भी आता-जाता रहता था। सुशांत किराए से रहता है और एक निजी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। दोनों एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं। 14 मई को सुशांत किशोरी को काम का बहाना बनाकर अपने घर ले गया और कुछ देर बाद वापस छोड़ दिया। दो दिन बाद उसने दोबारा किशोरी को अपने घर बुलाया और बंधक बनाकर तथा डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने जब इसका विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। घर लौटने के बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। शुक्रवार को परिजन उसे लेकर गांधी नगर थाने पहुंचे, जहां पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सुशांत के खिलाफ अपहरण कर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**मुंहबोली बहन से रेलकर्मी ने किया दुष्कर्म, मारपीट**



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में मुंहबोले भाई द्वारा दुष्कर्म और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी उसे सूने मकान में लेकर पहुंचा था और वहां दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उससे मारपीट भी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 29 साल की युवती बैरागढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में काम करती है। खजूरी इलाके में ही रहने वाले दिलीप सिंह सोंधिया (34) से उसकी लंबे समय से पहचान है। दिलीप मूलतः ब्यावरा जिला राजगढ़ का रहने वाला है। उसे रेलवे में अनुकंपा नियुक्ति मिली है और वह परिवार के साथ फंदा में रहता है। दिलीप का महिला के घर भी आना-जाना था। उसकी कोई बहन नहीं है, इसलिए वह युवती को अपनी बहन मानता था। गत 16 मई की सुबह करीब 10 बजे युवती वेतन लेने के लिए अस्पताल गई थी, तभी अस्पताल के बाहर उसे दिलीप मिल गया। उसने युवती को कुछ जरूरी काम होने का कहकर घर चलने का कहा। परिचय होने के कारण वह दिलीप के साथ बाइक से चली गई। दिलीप उसे घर ले जाने की बजाय रेलवे गेट के पास एक कमरे पर लेकर पहुंचा। वहां उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने अगले ही दिन थाने जाकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# मंडीदीप बुल्स और मंडीदीप टाइगर ने जीते मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर मे आयोजित ऍमपीएल सीजन -3 का सातवें दिन का पहला मैच जो की मंडीदीप लायंस व मंडीदीप बुल्स के बीच खेला गया। लायन्स ने टॉस जीतकर बुल्स को फिल्डिंग के लिए आमंत्रित किया। लायन्स ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 118 रन बनाए, जिसमें गौरव ने 32 बॉल पर 42 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछे करने उत्तरी बुल्स की टीम ने निर्धारित 12.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 119 रन का योगदान दिया, जिसमें सचिन लौवंशी ने 26 बॉल पर 44 रन का योगदान दिया। इस प्रकार बुल्स ने 4 विकेट से मैच को जीत लिया। ऍमपीएल सीजन -3 का सातवें दिन का दूसरा मैच जो की मंडीदीप टाइगर व मंडीदीप पैनथर के बीच खेला गया, जिसमें टाइगर ने टॉस जीतकर पैन्थर को फिल्डिंग के लिए आमंत्रित किया। टाइगर ने बैटिंग करते 120 रन बनाए, पर पैंथर ने 10 विकेट खोकर 84 रन बनाए। टाइगर ने 37 रन से मैच को जीत लिया।





धर्म से जुड़ेंगे तो उतने स्वयं व भारत से जुड़ेंगे: शिवानी

# साहस, संस्कारों के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने का काम करेगी 'दुर्गा वाहिनी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में चल रहे दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के प्राकट्य कार्यक्रम में प्रांत से आई शिक्षार्थी बहिनों ने सात दिन के प्रशिक्षण का भव्य प्रदर्शन किया। मंच पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्याध्यक्ष केएल शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म हजारों वर्षों के आघात के बाद भी खड़ा है। मुख्य अतिथि सेज यूनिवर्सिटी की निदेशक शिवानी अग्रवाल ने दुर्गा वाहिनी वर्ग को उपयोगी बताते हुए कहा कि भारत की मातृशक्ति को सशक्तिकरण की आवश्यकता नहीं,वह स्वतः ही शक्ति स्वरूपा है।

## दुर्गा वाहिनी के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में शक्ति स्वरूपा का गुणगान



### बालिकाओं को किया नमन

वर्ग प्रमुख सत्यकीर्ति राने ने वर्ग का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि दुर्गा वाहिनी राष्ट्र को सशक्त, स्वाभिमानी, संस्कारी पीढ़ी तैयार करने का काम करेगी। विशेष अतिथि पूर्व पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ. महेंद्र शुक्ल ने बालिकाओं को नमन करते हुए मातृशक्ति को पुरुष की अनुगामी कहा। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक उपस्थित रहे।

### मंत्री बनने से पहले रावत, सप्रे को देना होगा इस्तीफा

# कांग्रेस से भाजपा में आए 3 विधायकों की चुनाव बाद खुलेगी लॉटरी, बन सकते मंत्री!

इस्तीफा देने के बाद भाजपा में आए थे कमलेश शाह

तीनों को चुनाव बाद उनसे किए गए वादे पर अमल का इंतजार



रामनिवास रावत



कमलेश शाह



निर्मला सप्रे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायकों की शीघ्र लॉटरी खुल सकती है। 4 जून को मतगणना के बाद इन्हें प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया जा सकता है।

ये विधायक हैं छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से विधायक कमलेश शाह, श्योपुर जिले के विजयपुर से विधायक रामनिवास रावत और सागर जिले की बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे। इनमें से कमलेश शाह विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हुए थे, जबकि रामनिवास और निर्मला को मंत्री बनने से पहले विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ेगा। सूत्रों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व की ओर से इन्हें चुनाव निबटने के बाद मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने का आश्वासन दिया गया था। तीनों को चुनाव बाद उनसे किए गए वादे पर अमल का इंतजार रहेगा।

मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल का पुनर्गठन हो सकता है

### सरकार में अभी मुख्यमंत्री सहित 31 मंत्री

प्रदेश सरकार में अभी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित 31 मंत्री शामिल हैं। यदि कांग्रेस से आए राम निवास, कमलेश शाह और निर्मला सप्रे भी मंत्री बन गए तो मंत्रिमडल के सदस्यों की संख्या 34 हो जाएगी। इसके बाद मंत्रिमंडल में कोई पद रिक्त नहीं बचेगा, क्योंकि विधानसभा में सदस्य संख्या के लिहाज से सरकार में 34 से ज्यादा मंत्री नहीं हो सकते। सूत्रों का कहना है कि पहले कमलेश शाह और इसके बाद राम निवास रावत को मंत्री बनाने की शर्त पर ही भाजपा में लाया गया है।

**सप्रे को लेकर स्थिति साफ नहीं**

निर्मला सप्रे को लेकर स्थिति अभी ज्यादा स्पष्ट नहीं है। वे कांग्रेस के टिकट पर पहली बार ही चुनाव जीत कर विधायक बनी हैं। उन्हें किसी निगम-मंडल में लेकर मंत्री अथवा राज्य मंत्री का दर्जा दिया जा सकता है। खबर यह भी है कि चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा की गई घोषणा के अनुसार भी मंत्रिमंडल का पुनर्गठन हो सकता है। ऐसा हुआ तो जिन मंत्रियों के क्षेत्र में कम मतदान हुआ उन्हें हटा कर उन विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है, जिनके क्षेत्रों में मतदान ज्यादा हुआ है।

### छिंदवाड़ा और मुरैना में लाभ के लिए लाए शाह-रावत

भाजपा छिंदवाड़ा सीट को किसी भी कीमत पर जीतना चाहती थी। इसके लिए पार्टी के कद्दावर नेता एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को छिंदवाड़ा का प्रभारी बनाया गया था। उनके प्रयास से ही कमलनाथ के विश्वस्त अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह को तोड़कर भाजपा में लाया गया था। शाह जैसी नैतिकता कम नेताओं में होती है। शाह ने पहले विधानसभा से इस्तीफा दिया, इसके बाद भाजपा में शामिल हुए। भाजपा को उम्मीद है कि उनके आने का लाभ पार्टी को चुनाव में मिलेगा। दूसरी सीट मुरैना फंसी दिख रही थी। यहां विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर की कमजोर स्थिति को देखते हुए कांग्रेस से 6 बार विधायक रहे राम निवास रावत को भाजपा में लाया गया। हालांकि रावत ने शाह जैसी नैतिकता नहीं दिखाई। भाजपा में शामिल होने के बावजूद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया।

### सदस्यता समाप्त करने कांग्रेस देगी आवेदन

दलबदल कानून में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी सदन का कोई सदस्य पार्टी छोड़ता है तो उसे सदन की सदस्यता छोड़ना होगी। सदस्यता उसी स्थिति में बच सकती है यदि पार्टी के दो तिहाई सदस्यों ने पार्टी छोड़ी हो। लेकिन दलबदल के बावजूद सदस्य इस्तीफा नहीं देते, जैसा कांग्रेस के राम निवास रावत और निर्मला सप्रे ने किया। कांग्रेस के इन दोनों विधायकों ने पार्टी छोड़ कर भाजपा ज्वॉइन कर ली, लेकिन विधायकी से त्यागपत्र देने के लिए तैयार नहीं हैं। राम निवास संकेत तक दे चुके हैं कि उनकी इच्छा इस्तीफा देने की नहीं है। विधानसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस विधायक सचिन बिरला ने भी भाजपा ज्वॉइन की थी, लेकिन अंत तक विधायकी नहीं छोड़ी। इस बार वे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत गए। कांग्रेस ने तय किया है कि पार्टी छोड़ने वाले विधायकों को वह छोड़ेगी नहीं, विधानसभा को पत्र देकर राम निवास रावत और निर्मला सप्रे की सदस्यता समाप्त करने का आग्रह करेगी। निर्णय का अधिकार विधानसभा अध्यक्ष के पास रहता है। वे समयसीमा में भी बंधे नहीं हैं। स्पीकर के निर्णय न लेने के कारण ही सचिन बिरला कांग्रेस छोड़ने के बाद भी पूरे समय विधायक बने रहे। उनकी सदस्यता नहीं गई।

## दतिया पहुंचे शाह, डॉ. मिश्रा ने किया स्वागत



**हेलीकॉप्टर से ललितपुर के लिए रवाना**

भोपाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को दोपहर 12 बजे विशेष विमान से दतिया विमानतल पहुंचे। शाह का स्वागत पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने फूल देकर और पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर किया। शाह विमानतल पर ही डॉ. मिश्रा से कुछ देर चर्चा कर हेलीकॉप्टर से ललितपुर के लिए रवाना हो गए। शाह ने ललितपुर, बांदा व अमेठी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित व रोड शो किया।

### आचार संहिता खत्म होने के बाद चुनाव होने की संभावना

# रोहित सोसाइटी में चुनाव का रास्ता साफ मतदाता सूची को किया जा रहा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोहित हाउसिंग सोसाइटी के चुनाव का रास्ता अब साफ हो गया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद इसके चुनाव होने की संभावना बढ़ गई है। इससे पहले इसके प्रशासक ने मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के लिए सदस्यों से अपडेट जानकारी बुलाई है। उन्हें अपना पता, आधार और अन्य पहचान पत्र 20 से 27 मई तक सोसाइटी के प्रशासक के पास जमा करानी होगी।

जानकारी के अनुसार, सोसाइटी की पिछले साल सितंबर में हुई आमसभा में प्रशासक ने जल्द चुनाव कराने का वादा किया था। इसके बाद मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया गया था। इसके लिए सदस्यों से उनके सदस्यता फार्म, मोबाइल और आधार नंबर लेकर मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया गया था। उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं को मतदाता सूची और चुनाव कराने का प्रस्ताव मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को भेजा गया था। वहां से इस आपत्ति के साथ प्रस्ताव वापस कर दिया गया था कि मतदाता सूची को अपडेट किए गए एक साल से अधिक समय हो चुका है, इसलिए मतदाता सूची दोबारा अपडेट कर प्रस्ताव भेजा जाए। मतदाता सूची को अपडेट करने की कवायद एक बार फिर शुरू हो गई है। रोहित हाउसिंग सोसाइटी के प्रशासक मुकुंद भैंसारे ने बताया कि सोसाइटी की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के लिए सदस्यों से उनके मोबाइल और आधार नंबर की अपडेट जानकारी मांगी गई है।

### पूर्व मंत्री के साथ पोते को पोलिंग बूथ के अंदर ले जाने का मामला

# अधिकारी के बाद अब हरदा डीईओ पर गिरी गाज, सस्पेंड

कलेक्टर ने नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर को सेक्टर अधिकारी पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरदा में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग के दौरान पूर्व मंत्री कमल पटेल के नाबालिग पोते को पोलिंग बूथ के अंदर ले जाने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) पीएम सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। वह हरदा जिला मुख्यालय के पोलिंग बूथ 107 (पॉलिटेक्निक कॉलेज) की सेक्टर प्रभारी थीं। कलेक्टर आदित्य सिंह ने नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर को सेक्टर अधिकारी (डीईओ) पर कार्रवाई के लिए लेटर लिखा था।

पोलिंग बूथ 107 की पीठासीन अधिकारी शर्मिला पाटिल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। बता दें कि मामले का वीडियो सामने आने के बाद सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) कुमार शानु देवड़िया की रिपोर्ट पर पूर्व मंत्री समेत तीन लोगों के खिलाफ केस किया गया था, जिसमें कार्रवाई की गई है।

### स्कूलों में बच्चों का नहीं करा पा रहे एडमिशन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 महीने से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी समेत प्रदेश में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मार्च से वेतन नहीं मिला है। तीन महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने बच्चों को स्कूलों में एडमिशन तक नहीं करा पा रही है।

वेतन न मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। शुक्रवार को वेतन नहीं मिलने से नाराज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने बताया कि जुलाई माह में बच्चों का स्कूलों में एडमिशन होता है। काफी-किताब, ड्रेस और फीस जमा करने के लिए रुपए की आवश्कता होती है। पर तीन महीने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीक हो गई है। शर्मा ने बताया कि प्रमुख सचिव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की स्थिति को देखते हुए एक सप्ताह में वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया है। अगर इसे बाद भी वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्र को बंद प्रदर्शन करेगी।

### अवैध तरीके से अस्थाई पुल बनाकर कर रहे अवैध खनन

# पन्ना में रेत माफिया जब्त पांच एलएनटी मशीनें और दो दर्जन डंपर छुड़ा ले गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पन्ना में रेत माफिया के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 5 एलएनटी मशीन और 25 ट्रक जब्त किए गए, लेकिन कुछ घंटों के बाद रेत माफिया 20 से अधिक डंपर छुड़ाकर ले गया।

जानकारी के अनुसार, अवैध खनन की सूचना पर अजयगढ़ क्षेत्र के एसडीएम कुशल सिंह गौतम अपने साथ तहसीलदार, आरआई व पटवारी को साथ लेकर दबिश देने पहुंचे। इस दौरान बीरा पुल के पास एसडीएम ने अवैध खनन होते पाया। वहां 6 एलएनटी मशीनों से पन्ना की सीमा में रेत का अवैध खनन हो रहा था। करीब 25 से तीस डंपर भी खड़े थे। जब रेत माफिया ने टीम को देखा तो भाग गए। इसके बाद प्रशासन ने 5 एलएनटी मशीनें और 25 डंपर जब्त कर लिए।



**रेत घाट के ठेके किसी ने नहीं लिए**

बता दें कि जिले में केन नदी के पानी के बहाव को रोककर नदी में अवैध तरीके से अस्थाई पुल बनाकर अवैध खनन किया जा रहा है। पन्ना में रेत घाटों के ठेके इस साल हुए, लेकिन किसी ने नहीं लिए। रेत माफिया यहां नदी को पार कर पन्ना की सीमा में घुसकर अवैध खनन कर रहे हैं।

### प्रशासन ने डंपरों और मशीनों की तलाश की

जब कर्मचारी कागजी कार्रवाई कर रहे थे, तभी लगभग 15 वाहनों में माफिया के लोग आए और बीस डंपर को ले गए। यह भी बताया गया कि यह क्षेत्र हिनौता में आता है, इसलिए जब्ती की कार्रवाई वहां होगी। एसडीएम फिर मौके पर पहुंचे और एलएनटी व डंपरों की तलाश शुरू की। दिनभर की मशक्कत के बाद प्रशासन 4 एलएनटी मशीनें और दो डंपर व एक ट्रक जब्त कर सका। एसडीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर जब्त वाहनों को सुपुर्द किया। जिला खनिज अधिकारी रवि पटेल भी दोपहर को बीरा पहुंचे। उन्होंने बताया जो वाहन जब्त किए गए हैं, उन पर अवैध खनन के मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### श्रद्धांजलि अर्पित कर डॉ. यादव ने कहा- मां नर्मदा में थी स्व. दवे की अगाध आस्था

# मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. दवे के योगदान को किया याद

- अंकुर कॉलोनी स्थित 'नदी का घर' पर स्व. दवे के 7वें पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन



## अंडमान-निकोबार दीप समूह की साझा यात्रा का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जो अपने विजन को रिजल्ट तक लाते हैं और पूर्वानुमान को वर्तमान बनाने में सक्षम होते हैं। स्व. अनिल माधव दवे ऐसे ही बिरले व्यक्तित्व थे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी और चिंतक एवं विचारक सुरेश सोनी, हेमंत मुक्तिबोध और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंकुर कॉलोनी स्थित नदी के घर पर स्व. दवे के सप्तम पुण्य स्मरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. दवे के कार्यों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि दवे के साथ उनका लम्बा जुड़ाव रहा। इंदौर में दवे प्रचारक थे। विद्यार्थी परिषद के समय से मैं उनसे परिचित था। बाद में उनके साथ अंडमान-निकोबार दीप समूह की यात्रा पर जाने का अवसर भी मिला। जहां उन्होंने वीर सावरकर के काले पानी की सजा के काल को सबको परिचित कराया। डॉ. यादव ने कहा कि जावली में दवे के कार्यों को हम सब याद करते हैं। उनके साथ कार्य करने के अलग-अलग प्रकार के अनुभव रहे हैं। उनके साथ मां नर्मदा से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त हुआ। मां नर्मदा को लेकर उनकी अगाध आस्था थी।

### पूर्व मुख्यमंत्री चौहान आज दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर करेंगे चुनावी सभाओं को संबोधित

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों उत्तर-पर्व दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली और पश्चिम दिल्ली लोकसभाओं में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान उत्तर-पूर्व से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में झरोड़ा-बुरारी, उत्तर-पश्चिम से भाजपा उम्मीदवार योगेन्द्र चंदोलिया के समर्थन में मुखर्जी नगर और पश्चिम दिल्ली लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार कमलजीत शेरावत के समर्थन में पंजाबी बाग में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# 90 हजार को लैपटॉप, 7 हजार विद्यार्थियों को मिलेगी स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में इस बार कक्षा बारहवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। इस बार कक्षा बारहवीं के करीब 90 हजार 400 विद्यार्थियों को लैपटाप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

इस पर सवा दो सौ करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होगी। पिछले साल 78 हजार 641 विद्यार्थियों को लैपटाप खरीदने के लिए राशि दी गई थी। यह संख्या पिछले साल की तुलना में 11 हजार 759 अधिक है। वहीं इस बार प्रदेश के स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी भी प्रदान की जाएगी। यह संख्या करीब सात हजार बताई गई है।

विभागीय जानकारों की माने तो जुलाई तक लैपटाप की राशि मिलने की संभावना है। स्कूल शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से मेधावी विद्यार्थियों के आंकड़े मागे हैं।

एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
निविदा सूचना
"सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामग्री, कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रोक्योरमेंट किया जाता है।" R-13

विश्व संग्रहालय दिवस पर सप्रे संग्रहालय में प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# समाचार-पत्र की विश्वसनीयता आज भी कायम : आचार्य डेहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर शनिवार को सप्रे संग्रहालय में दुर्लभ सामग्रियों की प्रदर्शनी के साथ प्रदेश के 11 वरिष्ठ पत्रकारों के साथ हरिभूमि समाचार-पत्र के सीनियर फोटो जर्नलिस्ट राकेश सैनी का भी सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य खेमसिंह डेहरिया थे।

अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक आचार्य अमिताभ पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक आचार्य चन्द्र चारु त्रिपाठी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य डेहरिया ने कहा कि आज सूचनाओं के तमाम माध्यम है, लेकिन इन सब के बीच समाचार-पत्र की विश्वसनीयता आज भी कायम है। डॉ. अमिताभ पाण्डेय ने कहा कि आज सोशल मीडिया के दौर में मनुष्य एकाकी होता जा रहा है, ऐसे समय में संग्रहालयों की महत्ता बढ़ी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. चारू चन्द्र त्रिपाठी ने भी मुद्रित माध्यम का महत्व बताते हुए कहा कि हमें यदि विस्तार से खबरें चाहिए तो उसकी जरूरत केवल प्रिंट मीडिया ही पूरी कर सकता है। आम आदमी के दिनचर्या की शुरुआत भी समाचार-पत्र से होती है।



### होमी ब्यारावाला पुरस्कार से सम्मानित हुए हरिभूमि के सीनियर फोटो जर्नलिस्ट राकेश सैनी

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर शनिवार को माधवराव सप्रे संग्रहालय में आयोजित अंलकरण समारोह में हरिभूमि के फोटो जर्नलिस्ट राकेश सैनी को होमी ब्यारावाला पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने राकेश सैनी का शॉल प्रशस्ति पत्र और कलम प्रदान कर सम्मान किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

*समारोह में वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा को हुक्मचंद नारद सम्मान तथा माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजीव गुप्ता को मीडिया शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया। अपर संचालक जनसंपर्क जीएस वाधवा को संतोष कुमार शुक्ल पुरस्कार, वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र प्रताप सिंह को माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार, वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्र को लाल बलदेव सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार भीमसिंह मीणा को जगत पाठक पुरस्कार, डॉ. घनश्याम बटवाल को रामेश्वर गुरु पुरस्कार, पल्लवी बाघेला को जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार, रंजना दुबे को झाबरमल्ल शर्मा पुरस्कार, अजीत द्विवेदी को सुरेश खरे पुरस्कार से विभूषित किया गया। सम्मान के तहत शॉल, प्रशस्ति पत्र और कलम प्रदान किया गया है।*

### संजोई गई दुर्लभ सामग्री

संग्रहालय में दुर्लभ सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इनमें हस्तलिखित पाण्डुलिपियों, दुर्लभ पोथियों, इतिहास के गवाह समाचार पत्रों, बरू समेत भांति-भांति की लेखनियों और दवातों, स्मारक डाक टिकटों और प्रथम दिवस आवरणों, रेडियो, ग्रामोफोन और कैमरों तथा सिक्कों और करेंसी नोटों की प्रदर्शनी आदि संजोए गए हैं।

---

डॉ. वाकणकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन राज्य संग्रहालय में

# संग्रहालय दिवस पर नजर आए पुरा महत्व की प्रतिमाओं के साथ सहेजे गए पुराने डाक टिकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संचालनालय पुरातत्व, डॉ. विष्णु श्रीधर पुरातत्व शोध संस्थान एवं राज्य संग्रहालय ने पद्मश्री डॉ. वाकणकर के अवतरण दिवस एवं संग्रहालय दिवस पर विविध आयोजन किए।

इस दौरान भारतीय पुरातात्विक और सांस्कृतिक धरोहर से विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं पुरातत्व विद्या में रुचि रखने वालों को अवगत कराया गया। आयोजन के तहत डॉ. वाकणकर के महत्वपूर्ण कार्यों को प्रस्तुत किया किया गया। इसके तहत डॉ. वाकरणकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी एवं पुरातत्व विद्या पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, पुरातत्व कहानियों पर आधारित प्रतियोगिताएं हुई।



### आंचलिक विज्ञान केंद्र में एमपी के भू-पर्यटन स्थल विषय पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई





*भोपाल। शिक्षा, अनुसंधान के विकास तथा सामाजिक प्रगति के दर्पण के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान केंद्र, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत, एमपी के भू-पर्यटन स्थल विषय पर केंद्रित एक अस्थाई प्रदर्शनी जिसमें भेड़ाघाट-लम्हेटाघाट, भीमबेटका रॉक शेल्टर, चंबल के बीहड़, ढाला उल्कापिंड प्रभाव क्रेटर, घुघुआ राष्ट्रीय जीवाश्म पार्क और मझगवां हीरा खदान आदि एमपी के भूवैज्ञानिक महत्व के कुछ अनोखे स्थलों की झलक दिखाई गई। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में एमपी में पाए जाने वाले दुर्लभ खनिज नमूने, रॉक नमूने और जीवाश्म भी प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का लाभ स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों सहित कुल 600 आम दर्शकों ने उठाया।*

### स्टूडेंट्स ने दुष्यंत कुमार स्मारक संग्रहालय देखा



भोपाल। विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में महिला पॉलिटेक्निक की छात्राओं और परवरिश: द स्कूल म्यूजियम के बच्चों ने संग्रहालय देखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् विनोद जैन ने की। मुख्य अतिथि परवरिश द स्कूल म्यूजियम की शिबानी घोष थी। इस आयोजन में लघु कथा शोध केंद्र की निर्देशिका कांता राय ने संग्रहालय के विषय में अपने विचार प्रकट किए। डॉ. अर्जुन कुमार सिंह ने बच्चों को पेंटिंग के टिप्स सिखाए। कार्यक्रम का संचालन वीके श्रीवास्तव ने किया।

### ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यशाला का आयोजन



भोपाल। क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय ने अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम-हरित किशोर का आयोजन किया। इस अवसर पर औषधीय उद्यान, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, कंकाल दीर्घा, प्रकृतिक ताना बाना दीर्घा, अंधेरे में जंगल दीर्घा, खोज केन्द्र, तितलियों का अनोखा संसार, पानी बचाएं जीवन बनाएं - अस्थाई प्रदर्शनी लगाई गई। ग्रीष्मकालीन हरित शावक ऑरीगेमी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

### मानव संग्रहालय में माह के प्रादर्श में 'मारा सिरपम' एवं खजाने की खोज प्रतियोगिता



*भोपाल। राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, के अंतरंग प्रदर्शनी भवन वीथी संकुल में मई माह का प्रादर्श मारा सिरपम शिव, (भगवान शिव की एक काष्ठ की छवि) प्रादर्श का प्रदर्शन किया गया। भगवान शिव की काष्ठ पर निर्मित एक उत्कृष्ट मूर्ति हैं, जिसे तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के चेट्टियार समुदाय से संकलित किया गया है। चेट्टियार समृद्ध व्यापारी थे, जो अधिकतर दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करते थे। वहीं संग्रहालय दिवस पर मानव संग्रहालय में खजाने की खोज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को 3 प्रश्नों के सेट दिये गए। सभी प्रतिभागियों ने इस पर्चे को ध्यान के पढ़कर खजाने की खोज की, इसमें 82 प्रतिभागियों ने भाग लिया।*

### 15 अगस्त 1947 को जारी राष्ट्रीय चिन्ह के डाक टिकट से लेकर लुभा रहा स्पेन का डाक टिकट



भोपाल। बिरला म्यूजियम में संग्रहालय दिवस पर डाक टिकट प्रदर्शनी एवं दुर्लभ माचिसों के कलेक्शन को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में पुरातत्व की डॉ. नारायण व्यास के पास मौजूद 80 से ज्यादा देशों के डाक टिकट और पोस्टकार्ड के संग्रह को प्रदर्शित किया गया। देवेन्द्र प्रकाश तिवारी के हेरिटेज बिल्डिंग के डाक टिकट भी इस प्रदर्शनी में देखने को मिले। डॉ. नारायण व्यास ने बताया कि मैंने प्रदर्शनी में 15 अगस्त 1947 को जारी राष्ट्रीय चिन्ह का डाक टिकट भी प्रदर्शित किया है। 1898 में 3 अक्टूबर का सील लगा ईस्ट इंडिया पोस्टकार्ड और 1912 और 1930 के डाक टिकट का संग्रह भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि मेरे पास भारत के अलावा 500 से ज्यादा स्पेन देश के डाक टिकट भी मौजूद हैं। प्रदर्शनी में 80 से ज्यादा देशों के डाक टिकट को प्रदर्शित किया है।





#### 500 से ज्यादा डाक टिकट के कलेक्शन को किया एग्जीबिट

देवेन्द्र प्रकाश तिवारी ने भी इस एग्जीबिशन में हैरिटेज बिल्डिंग के डाक टिकट कलेक्शन को एक्जीबिट किया। उन्होंने बताया कि मैं 1972 से इन्हें कलेक्ट कर रहा हूं और मेरे पास देश के गणराज्य की 25वीं वर्षगांठ का दुर्लभ डाक टिकट भी मौजूद है। इसके अलावा 1987 का इलाहाबाद विश्वविद्यालय शताब्दी का डाक टिकट और 500 से ज्यादा डाक टिकट के कलेक्शन को मैंने इस एग्जीबिशन में डिस्प्ले किया है। वहीं इस प्रदर्शनी में सुनील भट्ट के विश्व स्तरीय माचिसों के संग्रहों को भी प्रदर्शित किया गया।

---

## अभिनेता धर्मेन्द्र को दिया राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-2022

मुंबई स्थित उनके निवास पर पहुंचे मप्र संस्कृति विभाग के संचालक नामदेव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग ने उत्कृष्टता और सृजन को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने की अपनी सुप्रतिष्ठित परम्परा का अनुसरण करते हुए सिनेमा के क्षेत्र में निर्देशन, अभिनय, पटकथा तथा गीत लेखन के लिये वार्षिक राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान की स्थापना की है। वर्ष-2022 के लिये मध्यप्रदेश शासन का यह प्रतिष्ठित सम्मान लोकप्रिय अभिनेता धर्मेन्द्र देओल को प्रदान किया गया। संचालक, संस्कृति एन पी नामदेव द्वारा धर्मेन्द्र देओल के मुम्बई स्थित निवास पर राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-2022 से विभूषित किया गया।

यह सम्मान देओल को अभिनय के क्षेत्र में सतत सक्रियता, उत्कृष्ट सृजन, सुदीर्घ साधना तथा श्रेष्ठ प्रतिमानों के लिये प्रदान किया गया है।

### सम्मान पाकर धर्मेन्द्र हुए भाव-विभोर

यह सम्मान प्राप्त कर धर्मेन्द्र देओल भाव-विभोर हो गए और उन्होंने कहा मैं कृतज्ञ हूं मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के प्रति कि किशोर कुमार जैसे महान व्यक्तित्व के नाम से स्थापित यह राष्ट्रीय सम्मान मुझे प्रदान किया गया। मैं शुक्रगुजार हूं अपने प्रशंसकों का, जिनका अनंत प्रेम मेरे साथ सदैव बना रहता है। मुझसे पहले जिन महान कलाकारों को यह सम्मान दिया जा चुका है उनमें कुछ मेरे गुरु के समान है, कुछ सम्माननीय हैं और कुछ मेरे साथी भी हैं, आज उनकी सूची में स्वयं का नाम देख प्रसन्नता का ठिकाना नहीं है।



## एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के आधार पर भविष्य का विज्ञान तैयार होगा

विज्ञान मंथन का दो दिवसीय नेशनल कैंप का आइसर में आरंभ




**भोपाल।** विज्ञान भारती द्वारा शनिवार को विद्यार्थी विज्ञान मंथन का दो दिवसीय नेशनल कैम्प का आरंभ भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर) भोपाल में हुआ है। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत के 36 प्रान्तों से 486 विद्यार्थी, शिक्षक, विज्ञान चिंतक, वैज्ञानिक, वैज्ञानिक संचारक सहित कुल 1000 व्यक्ति इस प्रतियोगिता सह कार्यशाला में भाग ले रहे हैं।

### जी 20 के स्लोगन वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर

कार्यक्रम के उदघाटन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि पूरा विश्व भारत को विज्ञान के क्षेत्र में नई दिशा देने के रूप में देख रहा है। उन्होंने कहा कि हमें जी-20 के स्लोगन वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर के आधार पर आने वाले विज्ञान के भविष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि देश के पिछले 75 वर्ष में हमें 75 वैज्ञानिक उपलब्धियां को देखकर आगामी रोड मैप बनाते हुए 2047 तक के लिए अपना लक्ष्य बनाकर उसे दृढ़ता से पूर्ण करना चाहिए।

*मिस्टर, मिस एंड मिसेज मध्यप्रदेश पीजेंट के विनर्स की प्रेसवार्ता*

## मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया सीजन-2 का पोस्टर लॉन्च

**भोपाल।** शादी के बाद महिलाएं अक्सर घर गृहस्थी और कामकाज में व्यस्त हो जाती हैं और जीवन की आपाधापी में उनके सपने कहीं खो जाते हैं।

ऐसे ही कुछ अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए मिस्टर, मिस एंड मिसेज मध्यप्रदेश पीजेंट का आयोजन हाल ही में किया गया। शनिवार को इस पीजेंट के विनर्स और टाइटल होल्डर्स को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजक फरहा अनवर ने बताया कि हमने मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में इस पीजेंट के लिए ऑडिशन किए थे ताकि लोगों में छुपे टैलेंट को निकाला जा सके।

विजेताओं में इस शो को लेकर काफी उत्साह दिखा

### मिस्टर, मिस- मिसेज मध्य प्रदेश की विनर्स लिस्ट

*इस पीजेंट के विनर्स को सेंट्रल इंडिया सीजन 2 में पार्टिसिपेट करने का मौका मिलेगा। वही पीजेंट के विजेताओं में इस शो को लेकर काफी उत्साह दिखा उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छा प्लेटफार्म है जिससे हमारी फिजिकल और मेंटल फिजिकल लेवल पर ग्रोथ होती है। पत्रकार वार्ता में बताया कि मिस्टर मिस-मिसेज मध्य प्रदेश के विनर्स है एलिट श्रेणी में लीना रायसिंघानी विजेता, गोल्ड श्रेणी में हिमानी सिंह (विजेता), सिल्वर श्रेणी: राधिका सिन्हा विजेता रहीं। इस अवसर पर मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया सीजन-2 का पोस्टर भी लॉन्च किया गया।*




### भूमिका-रूपक सोसायटी के नाटक 'आशा अमरधन' का मंचन

*भोपाल। भूमिका थिएटर एवं रूपक नाट्य व कल्चरल सोसायटी के द्वारा नाटक 'आशा अमरधन' का मंचन किया गया। कहानी में बारिश न होने की वजह से अकाल के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति को बयां किया गया कि कैसे एक किसान आर्थिक समस्या से परेशान है साथ ही ऊपर से निर्मम स्वार्थ में लिप्त पत्नी जिसे दो सौतेले बच्चे फूटीं आंख नहीं सुहाते परेशान करते हैं। अकाल में अनाज न होने के कारण सौतेले बच्चों को मारने की कोशिश करती है लेकिन सालभर भूखे रहने के बावजूद भी बच्चे जीवित रहते हैं।*



### शहीद भवन में नट बुन्देले भोपाल द्वारा नृत्य प्रस्तुति व सम्मान समारोह



*भोपाल। नवजात बाल रंग द्वारा शहीद भवन में नट बुन्देले भोपाल द्वारा नृत्य प्रस्तुति व सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रथम चरण में चित्रांश पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा, गणपति बप्पा नामक गणेश वंदना की नृत्य प्रस्तुति दी गई, वही द्वितीय चरण निदान सेवा समिति के मूक बधिर बच्चों द्वारा सागर गुंचा नटरंग कल्चरल एन्ड वेलफेयर सोसाइटी की निर्देशक बिशना चौहान के निर्देशन में नाटक मुन्ना राजा की प्रस्तुति खास रही एवं तृतीय चरण में शिव सोशियो कल्चर की प्रस्तुति कविताओं का नृत्य रूप में प्रदर्शन किया गया। जिसका निर्देशन शिव कटारिया ने किया। इसके बाद अनन्या नामदेव शर्मा के निर्देशन में कथावस्तु रंग समूह के बच्चों की प्रस्तुति नाटक बच्चा पार्टी खास रही।*



### रवीन्द्र भवन में गीतों से सजी संगीत संध्या का आयोजन

ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों के सुहाने गीतों पर झूमे श्रोता



*भोपाल। शनिवार की शाम रवीन्द्र भवन में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। नवांकुर म्युजिक ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित इस संगीत संध्या में शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों के सुहाने गीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेहतरीन सदाबहार गीतों की खासियत रही कि इसमें स्वर शाला के सुरीले गायक कलाकार एवं साजिंदे श्वेत-श्याम परिधानों में कार्यक्रम में उपस्थित रहें। इस प्रस्तुति में जहां युवाओं ने मस्ती भरे गीतों की शाम बिखेरी तो वहीं कुछ उपशास्त्रीय गीत जैसे मधुबन में राधिका नाचे रे, कुहू कुहू बोले कोयलिया, लागा चुनरी में दाग आदि की प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया।*

**इस सप्ताह कई अहम राजनीतिक व कूटनीतिक घटनाएं हुई हैं। चौथे चरण के चुनाव में जहां मतदान प्रतिशत बढ़ा है, यह बढ़ोतरी आगे शेष चरणों में भी देखने को मिल सकती है। आप के मुखिया दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार की सशर्त अनुमति अदालत से मिली तो उन्होंने 75 प्लस का मुद्दा उठाकर भाजपा को सफाई देने के लिए मजबूर कर दिया, लेकिन स्वाति मालीवाल पिटाईकांड के बाद से वे सवालों के घेरे में हैं। शेष तीन चरण के लिए जहां भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है, पीएम नरेन्द्र मोदी ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं, वे फिर अयोध्या गए हैं। भाजपा पूरी क्षमता से जुटी हुई है तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली तक सिमटते दिख रहे हैं, पर्चा भरने के एक सप्ताह के दरम्यान राहुल ने केवल एक रैली ओडिशा में की। राज्यों में कांग्रेस के प्रचार में राहुल सरीखे बड़े नेता नदारद हैं, सपा मुखिया अखिलेश यूपी तक सीमित हैं। आप केवल 19 सीटों पर लड़ रही है, महाराष्ट्र में शरद पवार, उद्धव व कांग्रेस नेता मोमेंटम नहीं बना पा रहे हैं, इसके उलट भाजपा शिद्दत से चुनाव प्रचार कर रही है, भाजपा के दिग्गज नेता शेष चरण के सभी राज्यों में अपने उम्मीदवार के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच ईरान के साथ चाबहार पोर्ट समझौते ने भारत के लिए मध्य एशिया से यूरोप तक के ट्रेड द्वार खोल दिए हैं। चाबहार डील पर अमेरिका की धमकी को गंभीरता से लेते हुए भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी धमकी को दरकिनार किया है। शेष तीन चरण के चुनाव अभियान का आंकलन व चाबहार डील से फायदे का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# शेष समर में भाजपा ने झोंकी ताकत



**विश्लेषण**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

**निश्चय ही शेष तीन चरणों में रायबरेली, अमेठी और वाराणसी सर्वाधिक चर्चा में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी रैलियां कर रहे थे, लेकिन पिछले 10 दिनों में जितना उन्होंने परिश्रम किया है वह सब रोड शो, रैलियां, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और टीवी इंटरव्यू में लगातार दिख रहे हैं। निश्चय ही इसका असर है और विपक्ष के नेताओं के लिए इसके समानांतर उसी रूप में संपूर्ण देश या अपने राज्यों में मतदाताओं को आकर्षित करना कठिन चुनौती है। अगर राहुल गांधी पहले की तरह सक्रिय नहीं दिखते और रायबरेली या कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहते हैं तथा केजरीवाल को जगह-जगह स्वाति मालीवाल के प्रश्नों पर झेंपना पड़ता है तो इसका असर चुनाव में नहीं होगा ऐसा कौन कह सकता है।**

चुनाव आयोग की यह सूचना निश्चय ही उत्साहित करने वाली है कि 13 मई को हुए चौथे चरण के मतदान में मतदान करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले ज्यादा रही। इस चरण में मतदान 69.56 प्रतिशत हुआ जो 2019 के संसदीय चुनाव में इसी चरण की तुलना में 3.65 फीसदी अधिक है। इससे पहले के तीन चरणों में कम मतदान का कई प्रकार से विश्लेषण किया जाने लगा था। तीसरे चरण में मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा जबकि 2019 में यह आंकड़ा 68.4 फीसदी था। 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 66.71 फीसदी मतदान हुआ जबकि 2019 में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। पहले चरण में 66.5 प्रतिशत मतदान हुआ जो 2019 के 69.43 फीसदी से कम था। हालांकि अभी चार चरणों के मतदान को मिला दें तो यह 2019 से करीब 2.5 फीसदी के आसपास कम होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले तीन चरणों में जहां 163 सीटों पर मतदान होना है, आंकड़ा और बढ़ेगा। अगर आंकड़ा नहीं भी बढ़ा तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में इतनी कमी को ज्यादा चिंताजनक गिरावट के रूप में नहीं देखा जाएगा।



## उदाहरण स्थापित किया

अभी इसमें पड़ने की आवश्यकता नहीं है कि मतदान करने वालों में भारतीय जनता पार्टी और राजग के मतदाता अधिक निकल रहे हैं या विरोधियों के। इस चुनाव ने फिर एक बार साबित किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं, समर्थकों के लिए उदाहरण स्थापित करते हैं और राजनीति एवं चुनाव के एजेंडा भी सेट करते हैं। हालांकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई एक जून तक की सशर्त्त जमानत को आईएनडीआई गठबंधन के लिए बड़ी घटना के रूप में प्रचारित किया गया। उन्होंने अपने चरित्र के अनुरूप निकलने के साथ ही ऐसे बयान देना शुरू किया जो अभी तक आईएनडीआईए के एजेंडे में नहीं था। उदाहरण के लिए भाजपा में 75 वर्ष की उम्र में रिटायरमेंट का मुद्दा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अपनी पार्टी में पदों के लिए 75 वर्ष की उम्र सीमा बनाई थी जिसके कारण अनेक लोगों को चुनावी राजनीति से बाहर होना पड़ा तो वह अपने पर भी इसे लागू करेंगे। चूंकि वे 17 सितंबर, 2025 को 75 वर्ष के हो रहे हैं, इसलिए रिटायरमेंट ले लेंगे। रिटायरमेंट लेंगे तो अपने करीबी अमित शाह को ही प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने यह भी कह दिया कि वह योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटा देंगे। इस पर आगे चर्चा करेंगे। दो दौर में मतदान प्रतिशत की गिरावट के बाद जो संकेत सामने आया उसके बाद प्रधानमंत्री ने ऐसा लगा जैसे नए सिरे से करवट ली हो और चुनाव प्रचार शुरू किया हो। वे अयोध्या गए ,योगी आदित्यनाथ के साथ रामलला के दर्शन किए, रोड शो किए और वहां से संदेश दिया कि चुनाव भाजपा के नियंत्रण में है। उसके बाद से चाहे वाराणसी में चौथे चरण के चुनाव के दिन नामांकन दाखिल करना हो या अन्य कार्यक्रम वे लगातार देश के सामने रहे। वाराणसी में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को संदेश दिया कि मतदान बढ़ाना आपकी भूमिका है, इसके लिए उन्होंने जिस तरह के भावनात्मक शब्दों का इस्तेमाल किया उससे कार्यकर्ता प्रेरित हुए होंगे। समाचार आ रहा था कि भाजपा के कार्यकर्ताओं-नेताओं का एक वर्ग स्थानीय स्तर पर उदासीन है। इसे ही कहते हैं नेतृत्व, जो किसी भी परिस्थिति में लोगों को प्रेरित करने के लिए जान लगा दे। प्रधानमंत्री ने यही दिखाया। उसके साथ उन्होंने दोबारा सभी टेलीविजन चैनलों को इंटरव्यू दिया। आप देखेंगे कि प्रधानमंत्री जहां भी थे वहीं से उन्होंने इंटरव्यू दिया और पूरी बातचीत की।

## भ्रम और विरोध पैदा करना

इन सबमें नए सिरे से चुनाव का एजेंडा तथा जीतने के विश्वास के साथ भावी सरकार की कार्य योजनाओं का विवरण था। इसके समानांतर राहुल गांधी लगभग दृश्य से एक सप्ताह के आसपास लगभग ओझल रहे। रायबरेली से नामांकन के बाद वहीं दिखे और उसके बाद लगभग 10 दिन बाद ओडिशा की रैली में सामने आए। अभी तक उन्होंने टीवी चैनलों को चुनाव में एक साक्षात्कार नहीं दिया है। अरविंद केजरीवाल की ओर लौटें तो कहने की आवश्यकता नहीं कि 75 वर्ष में रिटायरमेंट एक शिगूफा था। उन्हें भी पता है कि ऐसा होने वाला नहीं है। भाजपा में 2014 से कुछ समय तक 75 वर्ष की उम्र सीमा का अघोषित बंधन दिखाई पड़ता था। आगे ऐसा बंधन नहीं रहा। वीएस येदियुरप्पा को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनाया गया तो ई श्रीधरन को केरल के मुख्यमंत्री के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया। संसदीय बोर्ड एवं चुनाव समिति में ऐसे सदस्य हैं जो इस उम्र सीमा के बंधन से आगे निकल चुके हैं। केजरीवाल ने सोचा कि भाजपा के अंदर यह प्रश्न उठेगा और समर्थक भी सोचेंगे कि भाई मोदी जी अगर रिटायर ही हो जाएंगे तो हम उनके नाम पर वोट क्यों दें? योगी आदित्यनाथ के समर्थकों की भाजपा और संगठन परिवार में सबसे बहुत बड़ी संख्या है। यानी भाजपा के समर्थकों को पहले मोदी के नाम पर और योगी समर्थकों को उनके नाम पर भ्रम और विरोध पैदा करना।

## आम मतदाताओं तक संदेश

वैसे शेष बचे 163 सीटों में आम आदमी पार्टी केवल 22 पर लड़ रही है। मुख्यतः दिल्ली एवं पंजाब तक सीमित है। गुजरात में कांग्रेस ने उसे एक सीट दी है। इसमें उनके बयान या उनकी यात्राएं दूसरी पार्टी को बहुत लाभ पहुंचाएंगे ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। मुख्यमंत्री आवास पर अरविंद केजरीवाल के सहायक द्वारा राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की पिटाई सबसे बड़ा राजनीतिक बवंडर का विषय है, जिनका जवाब उनके लिए देना कठिन हो गया। दिल्ली के बाहर उन्होंने पहली यात्रा लखनऊ की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पत्रकार वार्ता में जब यह प्रश्न उठा तो माइक अपने साथी राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ओर खिसकाना पड़ा। अखिलेश यादव ने यह कहकर कि इससे अलावा भी मुद्दे हैं, वास्तव में ऐसा रक्षात्मक रूप अपनाया जिसके विरुद्ध क्षोभ और गुस्सा पैदा हुआ होगा। संदेश जा रहा है कि महिला से हिंसा और दुर्व्यवहार की निंदा करने से वह बच रहा है। स्वाति मालीवाल की घटना ने आईएनडीआईए के नेताओं को संदेशखाली के बाद दूसरी बार ऐसी स्थिति में ला दिया है जहां सच जानते हुए भी स्टैंड नहीं ले रहे हैं। इसका संदेश आम मतदाताओं तक जा रहा है।

## शेष चरण महत्वपूर्ण

शेष बचे मतदान में कांग्रेस का महाराष्ट्र, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के अलावा बहुत ज्यादा दांव पर नहीं है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं, पूरी पार्टी वहां लगी है, लेकिन प्रदेश में सपा मुख्य ताकत है और कांग्रेस को केवल 17 सीटें लड़ने के लिए मिली हैं। बिहार में पार्टी लालू प्रसाद यादव के राजद के सहारे हैं और ओडिशा में इसकी कोई ताकत नहीं। दिल्ली में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के बाद दूसरी ताकत होना स्वीकार किया। पंजाब में आम आदमी पार्टी से भी इसे टकराना पड़ेगा और हरियाणा में पार्टी कलह और गुटबंदी का शिकार है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का कोई वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार करने नहीं गया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के प्रचार में केवल शशि थरूर गए। राहुल गांधी ने वहां झांकना तक जरूरी नहीं समझा। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हरियाणा और पंजाब के पार्टी नेतृत्व की भी यही शिकायत थी कि केंद्रीय नेता अभी तक रैली करने नहीं आए। भाजपा के लिए शेष चरण निश्चय ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इनमें 70 प्रतिशत से ज्यादा सीटें पिछले चुनाव में उसे मिली थी। भाजपा हर चुनाव में पूरी ताकत लगाती है और रायबरेली में फिर राहुल की घेराबंदी की कोशिश है। रायबरेली में स्थानीय नेताओं के बीच एकजुटता न देख केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वयं सपा और भाजपा में आए विधायक मनोज पांडे के घर गए और उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मिलकर काम करने का वायुमंडल बनाया। पिछले चुनाव में भाजपा अपनी रणनीति से अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर चुकी है। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के इन दोनों स्थानों से लड़ने के अनिच्छुक थे इसका प्रमाण अंतिम समय तक दोनों स्थानों के लिए उम्मीदवारी की घोषणा नहीं होना था। उनका नाम नामांकन के कुछ समय पहले घोषित किया गया। स्वयं प्रधानमंत्री ने इसे मुद्दा बनाया है। निश्चय ही शेष तीन चरणों में रायबरेली, अमेठी और वाराणसी सर्वाधिक चर्चा में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी रैलियां कर रहे थे, लेकिन पिछले 10 दिनों में जितना उन्होंने परिश्रम किया है वह सब रोड शो, रैलियां, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और टीवी इंटरव्यू में लगातार दिख रहे हैं। निश्चय ही इसका असर है और विपक्ष के नेताओं के लिए इसके समानांतर उसी रूप में संपूर्ण देश या अपने राज्यों में मतदाताओं को आकर्षित करना कठिन चुनौती है। अगर राहुल गांधी पहले की तरह सक्रिय नहीं दिखते और रायबरेली या कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहते हैं तथा अरविंद केजरीवाल को जगह-जगह स्वाति मालीवाल के प्रश्नों पर झेंपना पड़ता है तो इसका असर चुनाव में नहीं होगा ऐसा कौन कह सकता है। बचे चरणों में भाजपा-कांग्रेस की साख दांव पर है।

# कूटनीति: जो न रुके, न झुके, वो है भारत



**चाबहार समझौता**
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए जितना आवश्यक रहा है थल और हवाई मार्ग और उतना ही आवश्यक रहा है जल मार्ग। जल मार्ग की महत्ता को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार ने सोमवार 13 मई को ईरान के चाबहार में स्थित शाहिद बेहस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए 10 वर्षीय समझौता अंजाम दिया है। शाहिद बेहस्ती बंदरगाह वस्तुतः ईरान का दूसरा सबसे बड़ा और अहम बंदरगाह है। 10 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद इस समझौते का फिर से नवीनीकरण किया जाएगा। भारत के जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश में जारी आम चुनाव के बीच ईरान पहुंचकर अपने समकक्ष के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। यह समझौता भारत के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत ने आम चुनाव के खत्म होने व नई सरकार बनने का इंतजार नहीं किया। चाबहार बंदरगाह समझौता के संपन्न हो जाने के बाद अमेरिका ने भारत को धमकी भरे अंदाज में कहा है कि भारत को ईरान के साथ संपन्न हुए समझौते के कारण अमेरिका द्वारा आयात आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अमेरिका कदापि नहीं चाहता कि भारत वस्तुतः ईरान के साथ किसी तरह का कोई भी व्यापारिक संबंध स्थापित करे।

## कूटनीतिक प्रभाव

उल्लेखनीय है कि ईरान पर अमेरिका द्वारा कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयाद किए गए थे। तभी से भारत ने ईरान से कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया था और भारत द्वारा ईरान से तेल का आयात अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। उस वक्त यकीनन भारत ने अमेरिका के कूटनीतिक प्रभाव में आकर ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया था। अब फिर से भारत और ईरान के मध्य अंजाम दिए गए चाबहार समझौते के बाद अमेरिका भारत को आर्थिक प्रतिबंध आयाद करने की धमकियां देने पर उतारू हो गया है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में अंजाम दिए गए परमाणु परीक्षणों के बाद भी अमेरिका द्वारा आयात प्रतिबंधों को भारत द्वारा बाकायदा कामयाबी के साथ झेला गया था। तब भी अमेरिका भारत का बाल बांका नहीं कर सका था और भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती चली गई। उस प्रतिबंध से उल्टे अमेरिका का ही नुकसान हुआ कि उसका भारत में निर्यात प्रभावित हुआ। चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट वस्तुत पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के लिए भी कड़ी चुनौती बन चुका है, जिसका निर्माण चीन द्वारा किया जा रहा है। चाबहार बंदरगाह भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए एक शानदार सेतु बन जाएगा, क्योंकि यह बंदरगाह गहरे समुद्र वाला बंदरगाह है।

उल्लेखनीय है कि जब यूक्रेन युद्ध का प्रारंभ हुआ था, उस वक्त भी अमेरिका द्वारा रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध किए गए थे। अमेरिकी प्रतिबंधों की घनघोर अवहेलना करते हुए भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात शुरू किया, तब भी



अमेरिका द्वारा भारत पर आर्थिक प्रतिबंधों को आयाद करने की धमकियां दी गई थीं। किंतु भारत ने अमेरिका की धमकियों की घोर उपेक्षा करते हुए रूस से तेल और प्राकृतिक गैस का आयात निरंतर जारी रखा है और रूस से आयात किए गए तेल और प्राकृतिक गैस के कारण के भारत को कम से कम 300 मिलियन डॉलर की सालाना बचत हो चुकी है। रूस से एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 की डील के वक्त भी अमेरिका ने भारत के खिलाफ त्योरियां चढ़ाई थीं, उस वक्त भी भारत ने परवाह नहीं की थी। अब भी चाबहार समझौते के कारण भारत पर आर्थिक प्रतिबंध आयाद करने की अमेरिकन धमकियों की परवाह न करते हुए भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह के विकास का काम बाकायदा जारी रखा जाएगा।

## नया संवर्धित प्रारूप करार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईरान यात्रा के दौरान वर्ष 2016 में चाबहार में स्थित शाहिद बेहस्ती बंदरगाह समझौते की बुनियाद रख दी गई थी। इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल कंपनी द्वारा वर्ष 2018 से चाबहार में स्थित बंदरगाह का संचालन किया जा रहा है। 13 मई 2024 को संपन्न हुए समझौते को वस्तुतः वर्ष 2016 में हुए समझौते का नया संवर्धित प्रारूप करार दिया जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर फरमाते हैं कि इस समझौते के बाद चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट में एक बड़े निवेश का रास्ता भारत के लिए खुल जाएगा। भारत सरकार ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए इंडिया पोर्टस ग्लोबल लिमिटेड नाम की कंपनी को कार्यभार सौंपा है। वर्ष 2016 के बाद वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा था कि चाबहार बंदरगाह भारत को व्यापार के लिए एक शानदार और नया समुद्री मार्ग प्रदान कर देगा, जिससे कि पाकिस्तान को बाईपास करते हुए भारत द्वारा अज़रबैजान, रुस और मध्य एशिया के साथ भारत द्वारा अपना व्यापार संपन्न किया जा सकेगा। इस समझौते के तहत भारत की इंडिया पोर्ट्र्स ग्लोबल लिमिटेड कंपनी कुल मिलाकर भविष्य में चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए 3000 करोड रुपयों का निवेश और करेगी। अभी तक भारतीय कंपनी चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए 835 करोड रुपये का निवेश कर चुकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत द्वारा प्रस्तावित इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर, जोकि 7200 लंबा प्रस्तावित समुद्री मार्ग है, इस परियोजना को चाबहार बंदरगाह का बड़ा बुनियादी समर्थन प्राप्त हो सकेगा। इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के पश्चात भारत के समुद्री मार्ग के माध्यम से सीधी पहुंच यूरोप और मध्य एशिया के देशों तक हो जाएगी। इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को विकसित करने की परियोजना भारत बना चुका है। प्रस्तावित समुद्री मार्ग परंपरागत समुद्री मार्ग की अपेक्षा चालीस फीसदी कम दूरी वाला और 30 फ़ीसदी से अधिक सस्ता साबित होगा। इस कोरिडोर को अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, यूएई आदि देशों का समर्थन प्राप्त है।

## प्रोजेक्ट रोकने की कोशिश

उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में में ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने का प्रोजेक्ट पूरा किया जा रहा है। हालांकि बलोच विद्रोही निरंतर चीन के इंजीनियरों पर घात लगाकर हिंसक आक्रमण करते रहे हैं। बलोच विद्रोही ग्वादर बंदरगाह प्रोजेक्ट को रोकने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ग्वादर बंदरगाह से चाबहार बंदरगाह की दूरी तकरीबन 100 किलोमीटर है। चाबहार बंदरगाह यकीनन अफगानिस्तान और मध्य एशिया के उन लैंडलॉक कंट्रीज के लिए वरदान साबित हो सकता है, जिनकी पहुंच सीधे गहरे समुद्र तक नहीं रही है। इस बंदरगाह से भारत ग्लोबल ट्रेड फ्रंट पर बहुत आगे पहुंच सकेगा। इससे दक्षिण चीन सागर के रास्ते पर निर्भरता भी कम होगी। नया कोरिडोर यूरोप, यूरेशिया व मध्य पश्चिम एशिया की भारत तक पहुंच आसान बनाएगा।

## बहुध्रुवीय वैश्विक शक्तियां

विश्व पटल पर विद्यमान शक्ति संतुलन पर निगाह डालें तो अब अमेरिका एक ध्रुवीय विश्व शक्ति नहीं रह गया है। अब विश्व में बहुध्रुवीय वैश्विक शक्तियां उभर कर सामने आ गई हैं। एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां हैं और दूसरी तरफ रुस, चीन, ईरान और नॉर्थ कोरिया आदि सैन्य शक्तियां विद्यमान है। अतः अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय बादशाहत का विश्व पटेल पर अंत हो चुका है। यहां तक कि अमेरिका द्वारा रूस पर आयाद आर्थिक प्रतिबंधों को यूरोप के नाटो देश ही स्वीकार नहीं कर रहे हैं। आजादी के बाद भारत एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। जोकि कोल्ड वॉर के विकट दौर में भी किसी भी सैन्य गुट में शामिल नहीं हुआ। आज जबकि दुनिया फिर से सैन्य गुटों में विभाजित हो रही है भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को कायम बनाए रखा है। भारत के संबंध रूस के साथ और अमेरिका के साथ मित्रतापूर्ण रहे। अब फिर से अमेरिका भारत की गुटनिरपेक्ष स्वतंत्र विदेश नीति को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है, जिसमें उसे फिर से मुंह की खानी पड़ेगी। विदेश नीति के निर्धारण में किसी भी देश के लिए उसके राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होते हैं। भारत के लिए भी उसके राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। भारत अपनी प्रबल सुरक्षा और विकासमान अर्थव्यवस्था के लिए किसी भी देश से व्यापारिक समझौता कर सकता है। भारत के ईरान के साथ सदियों पुराने सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक संबंध कायम बने रहे हैं। कभी-कभी बाहरी ताकतों की वजह से भारत-ईरान संबंध में कुछ व्यवधान जरूर पैदा हुआ है, पर वह अल्पकालीन ही रहा है। अभी चीन व ईरान की बढ़ती नजदीकी के चलते भारत व ईरान के बीच जारी चाबहार पोर्ट डील की गति धीमी पड़ी थी। अमेरिका को कोई हक नहीं बनता है कि ईरान के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों को लेकर किसी तरह के आर्थिक प्रतिबंध आयाद करें। रूस पर आयात प्रतिबंधों को लेकर भी अमेरिका के समक्ष भारत कदाचित नहीं झुका और उसने रूस से तेल का आयात निरंतर जारी रखा। इसी तरह से वह ईरान के साथ स्थापित अपने व्यापारिक संबंधों को लेकर भी अमेरिका के कूटनीतिक दबाव में भारत कदापि नहीं आएगा। जो न रुके, जो न झुके, वो है भारत।

# चाबहार प्रोजेक्ट के बारे में सबकुछ

चाबहार, ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह है। यह मकरान तट पर सिस्तान एवं बलूचिस्तान प्रांत में ओमान की खाड़ी में स्थित है। चाबहार में दो मुख्य बंदरगाह हैं, शाहिद कलंतरी एवं शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह। ईरान से भारत का शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के निर्माण को लेकर दीर्घकालीन समझौता हुआ है। भारत ने मई 2015 में चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। मई 2016 में भारत, ईरान एवं अफगानिस्तान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परिवहन और पारगमन गलियारे की स्थापना के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे चाबहार समझौते के रूप में भी जाना जाता है। ऐतिहासिक रूप से अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक भारत की पहुँच काफी हद तक पाकिस्तान के माध्यम से पारगमन मार्गों पर निर्भर रही है। चाबहार बंदरगाह भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया में व्यापार के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है, जिसके लिए भारत पहले पाकिस्तान पर निर्भर करता था। चाबहार बंदरगाह भारत की ईरान तक पहुँच को सुविधाजनक बनाएगा, जो अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कोरिडोर-आईएनएसटीसी) का मुख्य प्रवेश बिंदु है, जो भारत, ईरान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप को सड़क, रेल और समुद्र के माध्यम से जोड़ता है। संसाधन संपन्न मध्य एशियाई देशों और अफगानिस्तान के साथ संबंध बढ़ाने के भारत के प्रयासों में चाबहार बड़ी भूमिका निभाएगा। यह भारत को अपने व्यापारिक मार्गों में विविधता लाने तथा ईरान व अफगानिस्तान के अतिरिक्त रूस, यूरेशिया और यूरोप के बाज़ारों तक पहुँच बढ़ाने में सहायता करेगा। आईएनएसटीसी मार्ग के माध्यम से कार्गो आवाजाही से लागत में 30% और परिवहन में लगने वाले समय में 40% की बचत होने का अनुमान है, जिससे प्रतिस्पर्धी लागत में त्वरित बदलाव सुनिश्चित हो सकेगा। मध्य एशियाई देश, जो संसाधनों से समृद्ध हैं, लेकिन कज़ाखस्तान और उज़्बेकिस्तान जैसे देशों, जो समुद्र तक सीधी पहुँच नहीं रखते हैं, ने हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़ने तथा भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने के लिये चाबहार का उपयोग करने में रुचि दिखाई है। चाबहार बंदरगाह अफगानिस्तान में मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिये एक महत्त्वपूर्ण प्रवेश बिंदु के रूप में कार्य कर सकता है। कोविड-19 महामारी के दौरान चाबहार बंदरगाह ने मानवीय सहायता की आपूर्ति में अहम भूमिका निभाई है। चाबहार बंदरगाह के माध्यम से भारत से अफगानिस्तान तक 2.5 मिलियन टन गेहूं और 2,000 टन दालों का निर्यात किया है। वर्ष 2021 में भारत ने टिड्डियों के हमलों से निपटने के लिए बंदरगाह के माध्यम से ईरान को 40,000 लीटर पर्यावरण-अनुकूल कीटनाशक मैलाथियान भेजा था।

## रणनीतिक प्रभाव

चाबहार बंदरगाह को विकसित और संचालित करके, भारत हिंद महासागर क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रभाव को बढ़ा सकता है, जिससे भारत की भू-राजनीतिक स्थिति मज़बूत हो सकती है। चाबहार बंदरगाह चीन द्वारा पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह के विकास के प्रतिकार के रूप में कार्य करेगा। चाबहार में उपलब्ध डॉकिंग सुविधाओं के कारण भारत समुद्री डकैती के मामलों पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दे सकता है।

## चुनौतियां क्या हैं?

ईरान के चाबहार बंदरगाह के विकास के लिये दीर्घकालिक मुख्य अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के पश्चात संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम की चेतावनी दी है। तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर कब्ज़ा करने के बाद, वर्ष 1979 से अमेरिका ने विभिन्न कानूनी प्राधिकरणों के तहत ईरान के साथ की जाने वाली आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले वर्ष 2018 में अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह की प्रगति और इसे अफगानिस्तान से जोड़ने हेतु रेलवे लिंक के निर्माण में सहायता के लिए भारत को विशिष्ट प्रतिबंधों से छूट दी थी। हूती विद्रोही संचार के समुद्री मार्गों को बाधित कर सकते हैं, जिससे चाबहार बंदरगाह पर यातायात भी प्रभावित होगा। अफगानिस्तान से अमेरिका सेना की वापसी और तालिबान के पुनः वापसी के कारण वहां अस्थिरता उत्पन्न हो गई है, जिसका भारत के साथ व्यापार संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ईरान व उसके कुछ पड़ोसी देशों के मध्य अस्थिर संबंधों के साथ अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान जैसे देशों में अस्थिर राजनीतिक स्थितियां भी चाबहार बंदरगाह व भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित कर रही हैं।

## प्रतिस्पर्धा

चाहबहार बंदरगाह में कई परिवहन मार्गों से चुनौतियां हैं, जैसे भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जो एशिया और पूर्वी यूरोप को जोड़ता है। चाबहार में चीन जैसे मज़बूत प्रतिस्पर्द्धियों के द्वारा किया गया निवेश, ईरान में भारत के हितों को प्रभावित कर सकता है। चाबहार पोर्ट परियोजना का उद्देश्य बंदरगाहों, सड़कों एवं रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार करना है, जिसके लिए महत्त्वपूर्ण निवेश, समय तथा विशेषज्ञता की आवश्यकता है। कोई भी देरी या अक्षमता इसकी प्रगति में बाधा बन सकती है।

{ प्रिकॉशन / शिखर चंद जैन }

यह सही है कि सोशल मीडिया ताजा घटनाओं से अपडेट रहने, तरह-तरह के लोगों से संपर्क बनाने का अच्छा माध्यम है। लेकिन कई बार लापरवाह यूजर्स को इसकी वजह से बड़ा खामियाजा भी भुगतना पड़ जाता है।

# सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले...



इन दिनों फेसबुक, व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की वजह से अनेक अपराध घटित हो रहे हैं। ऐसी अप्रिय घटनाओं या हादसों से बचना है तो बेहतर होगा कि सोशल साइट्स पर कुछ भी पोस्ट करते समय जरा संयम और विवेक से काम लिया जाए और कुछ इंफॉर्मेशंस पोस्ट करने से बचा जाए।

**वोटर आईडी या आधार कार्ड फोटो :** जिन युवाओं को पहली बार वोटर आईडी या आधार कार्ड मिलता है, वे कई बार अति उत्साह में उसकी फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर देते हैं और सबको बताते हैं कि अब वे भी कार्ड धारक बन चुके हैं। शातिर लोग न सिर्फ यहां से आपका नाम पता बल्कि और भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां चुरा सकते हैं। इतना ही नहीं इन काड्र्स की कॉपी हासिल करके सिम कार्ड खरीदने, कोई बड़ी बेनामी खरीद करने या फर्जी बैंक खाता खोलने में इनका दुरुपयोग भी किया जा सकता है। इसके मिसयूज से आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**टिकट-बोर्डिंग पास की फोटो:** माना कि आप फ्लाइट की यात्रा या ट्रिप के लिए बेहद एक्साइटेड हैं, लेकिन लोगों को यह बताने के लिए बोर्डिंग पास या टिकट की फोटो पोस्ट करना सही नहीं है। यहां पीएनआर नंबर से आपके बारे में काफी गहरी जानकारियां हासिल की जा सकती हैं, जिससे आपको आर्थिक और मानसिक क्षति उठानी पड़ सकती है। इतना ही नहीं अपराधी प्रवृत्ति के लोग घर पर चोरी का प्लान भी बना सकते हैं।

### ज्यादा बोल्ड दिखने की कोशिश

कई युवक-युवतियां खुद को मॉडर्न, अपटूडेट और आजाद ख्यालों का दिखाने के फेर में जरूरत से ज्यादा बोल्ड पोस्ट लिखते हैं, उल्टी सीधे पोज में अपने फोटो पोस्ट करते हैं और किसी दूसरे की पोस्ट पर बेबाक कमेंट्स लिख देते हैं। ध्यान रहे, आपका एंप्लॉयर, पति-पत्नी या रिलेटिव्स भी आपकी पोस्ट पढ़ सकते हैं। इसका कई तरह से विपरीत असर हो सकता है। रिश्ता होने में दिक्कत आ सकती है, आजकल हर ऑफिस में स्त्री-पुरुष साथ काम करते हैं, ऐसे में आपका जरूरत से ज्यादा बेबाक होना अच्छी बात नहीं मानी जाएगी।

**रेग्युलर अपडेट करना :** अपनी हर छोटी-बड़ी गतिविधियों, शौक और आदतों के बारे में पोस्ट लिखना, पारिवारिक फोटो पोस्ट करना आपको काफी महंगा पड़ सकता है। इस प्रकार आपकी आर्थिक स्थिति, परिवार में मौजूद सदस्यों, आपके शौक और आपकी कमजोरियों के विषय में काफी कुछ मालुमात हासिल किए जा सकते हैं। इन तस्वीरों या पोस्ट्स का इस्तेमाल आपको ब्लैकमेल करने के लिए भी किया जा सकता है।

**हेट पोस्ट :** अगर आपकी हर राजनीतिक खबर पर तीखी टिप्पणी लिखने या दबंग कमेंट्स करने की आदत है, तो जरा संभल जाइए। इससे किसी की शिकायत पर आपको सजा हो सकती है। माना कि हमारे देश में हर किसी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन इसमें शिष्टता की सीमा रेखा का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

**घर की तस्वीरें :** कई लोग अपने घर के कोने-कोने की तस्वीर पोस्ट करते रहते हैं। इससे हर कोई आपके घर से वाकिफ हो जाता है। फेसबुक पोस्ट को हजारों लाखों लोग देख सकते हैं और कौन किस मानसिकता और मकसद से आपकी पोस्ट देखेगा, इसका अंदाजा लगाना असंभव है। इससे आप परेशानी में फंस सकते हैं।

**सेल्फी की ओवरडोज:** पिछले साल 800 लोगों पर हुई एक स्टडी में भी कहा गया कि जो सोशल साइट पर ढेर सारी सेल्फी पोस्ट करते हैं, उनके साइकोपैथ होने की अधिक संभावना होती है। क्योंकि लंबे समय तक ऐसा करने से अलग तरह की सोच विकसित होने लगती है। इसलिए सोशल मीडिया पर सब कुछ पोस्ट करने से बचें। *



फैक्ट्रियों और रिस्की मैकेनिकल कार्यों में तो रोबोट्स का इस्तेमाल बढ़ ही रहा है, लेकिन एआई बेस्ड ह्यूमनाइड रोबोट्स अब अन्य फील्ड्स में भी एंट्री करने लगे हैं। ऐसे ही एक रोबोटीचर ने केरल के एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया है। इसकी खासियतों समेत रोबोटीचर्स के बढ़ते चलन से उपजने वाली संभावनाओं और आशंकाओं पर एक नजर।

# टीचिंग का एआई अवतार रोबोटीचर आइरिस

{ कवर स्टोरी
दिव्यज्योति 'नंदन' }

एक ऐसे देश में जहां साल 2021-22 की एक रिपोर्ट के मुताबिक 95,07,123 टीचर थे और अगर इस रिपोर्ट में दूरदराज के निजी स्कूल टीचरों को भी जोड़ लिया जाए तो इनकी संख्या एक करोड़ से काफी ऊपर पहुंचती है। उस देश की समूची टीचर बिरादरी की नींद, केरल की एक टीचर ने उड़ा दी है। ऐसा हो भी क्यों न? क्योंकि यह कोई सामान्य टीचर नहीं है। केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम के एक हायर सेकेंडरी स्कूल में पिछले महीने टीचिंग जॉब के लिए देश की पहली एआई रोबोट टीचर नियुक्त की गई। इसका नाम आइरिस है और इसे मेकरलैब्स एडूटेक की मदद से बनाया गया है। यह भारत की पहली जनरेटिव आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस टीचर है यानी आइरिस एक ह्यूमनाइड रोबोट है।

## अनेक सब्जेक्ट्स में एक्सपर्ट

रोबोट होने के बाद भी दिखने में आइरिस बिल्कुल सामान्य केरलाइट महिला जैसी लगती है। लगभग 48 किलो वजन वाली 5 फीट 7 इंच की आइरिस फर्राटे से हिंदी, अंग्रेजी और मलयालम भाषाएं बोलती है। यह एक ऐसी स्कूल टीचर है, जो कला से लेकर कृषि तक और विज्ञान से लेकर संस्कृत तक न सिर्फ आसानी से पढ़ाती है बल्कि छात्रों के सवालों का उत्तर बिल्कुल सहजता से देती है। आप इस टीचर से किसी एक विषय का नहीं, किसी भी विषय का प्रश्न कर सकते हैं, यह लगभग सभी सवालों का जवाब दे देगी बशर्ते क्लास में शोरगुल न हो। केरल की महिलाओं की तरह गहरे रंगों की पारंपरिक साड़ी पहनने वाली आइरिस को शोर-शराबे से चिढ़ है। शोर-शराबा होते ही उसका मूड उखड़ने लगता है और सवालों का जवाब देने की बजाय वह मौन होने लगती है।

## रियल टीचर्स में बढ़ी चिंता

आइरिस भले स्कूल बच्चों के बीच बेहद प्यारी मैम हो, लेकिन केरल के करीब पौने दो लाख और देशभर के लाखों टीचरों की इसने नींद उड़ा दी है। अगर सब इससे खफा या परेशान नहीं हैं तो भी शिक्षक बिरादरी में आइरिस को एक विलेन की तरह देखा जा रहा है। ऐसा हो भी क्यों न! भारत में जहां पढ़े-लिखे लाखों नौजवान बेरोजगार हों, जहां देशभर में करीब 20 लाख प्राथमिक अध्यापकों की कमी हो और उन्हें इसलिए न भर्ती किया जाना संभव हो रहा हो कि राज्य सरकारों को उन्हें वेतन देने के लिए पर्याप्त फंड की कमी हो, उस देश में 20 से 25 लाख की इस रोबोट टीचर का शिक्षक बिरादरी के बीच विलेन बन जाना स्वाभाविक है।

## कई मायने में बेहतर

आइरिस भले रोबोट टीचर हो, लेकिन अब तक के अनुभव से साफ है कि उसके पास बच्चों के 99.99 फीसदी सवालों का सही और सटीक जवाब है। वह बिल्कुल सही समय पर पढ़ाने के लिए कक्षा में प्रवेश करती है और बिल्कुल सही समय पर अपना पाठ खत्म करके दूसरी क्लास की तरफ बढ़ जाती है। फालतू की बातें, किसी से ईर्ष्या नहीं, किसी को विशेष और किसी को गैर विशेष समझने की कोई आदत नहीं। सबसे बड़ी बात यह है कि आइरिस जरा भी वक्त जाया नहीं करती। भला ऐसी टीचर किसे पसंद नहीं होगी।

## कुछ को पसंद-कुछ को नापसंद

पिछले करीब एक दशक से पूरी दुनिया में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर जो नैतिक और सामाजिक बहस छिड़ी हुई है, क्या आइरिस ने उस बहस को और नजदीक से हवा दे दी है? लगता तो ऐसा ही है। आइरिस के अपने काम पर नियुक्त होने के एक दिन बाद ही सोशल मीडिया में ऐसे ह्यूमनाइड रोबोट टीचरों के विरोध में लाखों पोस्ट का तूफान आ गया, जिससे यह पता चलता है कि पहले से ही बेरोजगारी के चक्रव्यूह में फंसे देश में एआई कितना बड़ा संकट है। लेकिन पूरी तरह से सभी लोग उसका विरोध भी नहीं कर रहे। एक बड़ी संख्या है, ऐसे लोगों की जो आइरिस के पक्ष में हैं। एक नजरिए से देखें तो यह स्कूल मैनेजमेंट के लिए भी अनुकूल है। क्योंकि महज 20 से 21 लाख में बनने वाली और करीब 500 से 1000 रुपए मासिक के बीच की मेंटेनेंस का खर्च कराने वाली यह अध्यापिका स्कूल मैनेजमेंट के लिए फायदे का सौदा है। आमतौर पर प्राइवेट या मान्यता प्राप्त स्कूलों में टीचर्स को 50 से 60 हजार रुपए की मासिक सैलरी मिलती है और करीब-करीब हर विषय के टीचर रखने पड़ते हैं। इसलिए एक तरफ जहां ये रोबोट टीचर, स्कूल मैनेजमेंट के लिए फायदे का सौदा हैं, वहीं छात्रों और अभिभावकों के लिए भी ये स्वीकार्य हैं। क्योंकि एक बार बड़े पैमाने पर रोबोट टीचर आ जाएं तो जहां शिक्षा के बजट में भारी कटौती संभव है, वहीं करीब-करीब सभी विषयों की भरपूर जानकारी रखने वाले ये टीचर छात्रों के लिए भी ज्यादा मुफीद साबित होंगे।

आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि ऐसे रोबोटीचर्स की तादाद बढ़ती है या इंसानी टीचर्स के विरोध के चलते ये रोबोटीचर्स सीमित ही रह जाते हैं। *

## कई देशों में एक्टिव रोबोटीचर्स

**हालांकि न** तो देश में न ही दुनिया में आइरिस कोई पहली ह्यूमनाइड रोबोट टीचर है। इस समय यूरोप से लेकर अमेरिका तक 2 लाख से ज्यादा ऐसे ह्यूमनाइड रोबोट टीचर मौजूद हैं, जो छोटे बच्चों के स्कूलों से लेकर यूनिवर्सिटीज तक में पढ़ा रहे हैं। हालांकि मौलिक रूप से ये रोबोटिक टीचर इस कदर आकर्षित करने वाले नहीं हैं कि हर कोई उनके विकल्प के बारे में सोचें। लेकिन यह उस देश में जहां 90 फीसदी टीचर पढ़ाने में बहुत अच्छे और इनोवेटिव न माने जाते हों, जहां बड़ी संख्या में सरकारी टीचर रुचि न लेते हों और बड़े पैमाने पर अपने पढ़ाए जाने वाले विषयों में पर्याप्त समझ और जानकारी न रखने वाले टीचर, आइरिस जैसी स्मार्ट-एक्सपर्ट टीचर से भय तो खाएंगे ही।



{ सजेशन / डॉ. मोनिका शर्मा }

अच्छी हेल्थ और फिटनेस के लिए फिजिकल एक्टिविटीज का होना बहुत जरूरी है। अनेक स्टडीज से साबित हुआ है कि स्टेबल लाइफस्टाइल कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स को बढ़ा सकती है। इसलिए इस बारे में एलर्ट रहना जरूरी है।

# स्टेबल लाइफस्टाल बढ़ाती हेल्थ प्रॉब्लम्स



अच्छे स्वास्थ्य के मामले में डाइट और एक्सरसाइज ही नहीं हमारी रोजाना की एक्टिविटीज भी अहम भूमिका निभाती हैं। खासकर इन एक्टिविटीज को दिया जाने वाला समय। जैसे बहुत समय बैठना सेहत के लिए घातक है तो जरूरत और क्षमता से बहुत ज्यादा चलना-दौड़ना भी। नींद की कमी भी परेशानी का सबब बनती है और सोने-जागने का समय निर्धारित न होना भी। यानी दिनभर की गतिविधियों में एक संतुलन आवश्यक है। अच्छे स्वास्थ्य को लेकर किए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों द्वारा शारीरिक गतिविधियों के समय को लेकर कहा गया है कि दिनभर में खड़े रहने और बैठने के समय में एक बैलेंस होना चाहिए।

**बैलेंस है जरूरी :** ऑस्ट्रेलिया में स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं के अनुसार लोगों को दिन में पांच घंटे खड़े रहना चाहिए और छह घंटे बैठना चाहिए। इसके अलावा प्रतिदिन चार घंटे हल्की और मध्यम शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। हल्की-फुल्की फिजिकल एक्टिविटी का अर्थ चलने से लेकर खाना पकाने और घर के काम-काज पूरा करने तक से है। अध्ययन के अनुसार नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करने से हार्ट हेल्थ भी बेहतर होती है। असल में आज की बदली हुई जीवनशैली में बैठने, चलने का यह संतुलन हर उम्र के लोगों के लिए जरूरी हो गया है। मौजूदा लाइफस्टाइल में मनोरंजन से लेकर काम-काज और आस-पास की आवाजाही तक, गाड़ी हो या आरामदायक कुर्सी-सोफा, अधिकतर समय बैठने तक सिमट गया है। यह गतिहीन जीवनशैली कई तरह से घातक है। यह निष्क्रियता हड्डियों, मांसपेशियों में जकड़न और मानसिक रूप से थकावट लाने वाली भी है। थोड़े समय के लिए भी चलने-फिरने का ब्रेक ना लेकर लगातार बैठे रहना, स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम बढ़ा रहा है।

### सजग रहना बहुत आवश्यक

ऑस्ट्रेलिया में स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं द्वारा 2000 लोगों को लेकर किए गए अध्ययन में यह भी पता चला है कि बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए लोगों को रोजाना आठ घंटे की बेहतर नींद लेनी चाहिए। आमतौर पर गतिहीन जीवनशैली वाले लोगों में अच्छी नींद ना ले पाने की परेशानी भी देखने को मिलती है। ठीक से आराम ना कर पाने की स्थिति में शारीरिक और मानसिक सेहत भी प्रभावित होती है। साथ ही रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होती है। समग्र रूप से स्वस्थ जीवनशैली में नियमित गतिशील बने रहने के प्रयास आवश्यक हैं।

**लेते रहें ब्रेक:** घर, दफ्तर या स्कूल, कॉलेज लगभग हर आयुवर्ग के लोगों का लंबा समय एक ही जगह बैठे बीत रहा है। घंटों बैठे रहना आजकल की लाइफस्टाइल में आम बात है। यूं देर तक बैठे रहना सही-गलत पोस्चर का ख्याल भी नहीं रहने देता। साथ ही फिजिकल एक्टिविटी की कमी से डायबिटीज, हार्ट प्रॉब्लम्स, कैंसर, वैरिकोज नर्व, कमर दर्द की परेशानी भी बढ़ रही है। मोटापा और आलस्य जैसी तकलीफें भी आती हैं। इतना ही नहीं लगातार बैठे रहने से तनाव और अवसाद भी बढ़ता है। आमतौर पर काम-काजी और घरेलू दोनों ही मोर्चों पर गतिहीन जीवनशैली जी रहे लोग कुछ समय निकालकर सुबह शाम तेज गति से की गई एक्सरसाइज जैसे साइकिलिंग, जॉगिंग या वॉक को ही महत्वपूर्ण मानते हैं। ज्यादातर लोग लंबे समय तक बैठे रहने के दौरान बीच-बीच में ब्रेक लेकर कुछ कदम चलने या शरीर को स्ट्रेच करने की ओर ध्यान नहीं देते। जबकि नियमित रूप से ऐसे छोटे-छोटे विराम और हल्की-फुल्की मूवमेंट्स शरीर और मन-मस्तिष्क के लिए बेहद जरूरी हैं। इतना ही नहीं चहलकदमी के लिए कुछ पल निकालने जैसी सब गतिविधियां भी अच्छी नींद, मन के सुकून और शरीर की सेहत से गहराई से जुड़ा है। *

{ गजल / हबीब कैफी }



## सो गए फुटपाथ पर

हम सिरहाने धर के हाथ हाथ पर
थक गए तो सो गए फुटपाथ पर।
शोर सारी रात होता है तो हो
ऐतराज उनको तो है नग्मात पर।
कीजिए मत रोजी-रोटी के सवाल
वो खफा हो जाएंगे इस बात पर।
कोई पाकर हीरे-मोती चुप रहा
कोई इतराता रहा खैरात पर।
हो रहा है खुश बहुत वो इन दिनों
हो रहा था कल खफा जिस बात पर।
नींद में उनकी खलल पड़ जाएगा
तब्सरा मत कीजिए हालात पर।
नाम पर मजहब के लड़ते देखकर
जानवर हंसते हैं आदमजात पर।

{ व्यंग्य
प्रियदर्शी खैरा }

गमछा बदलते ही सिद्धांत बदल जाते हैं, मान्यताएं बदल जाती हैं, वाणी बदल जाती है, भाषा-शैली में परिवर्तन आ जाता है। जिन्हें जीवन भर गाली देते रहे, वे मित्र बन जाते हैं, मित्र दुश्मन हो जाते हैं। ऐसे क्रांतिकारी परिवर्तन आत्मा की आवाज ही कर सकती है। इसे गमछा क्रांति कहते हैं।

# ...और गमछा बदल गया

इधर कुछ समय से मौसम की तरह राजनीतिक पार्टियां रंग बदल रही हैं और राजनेता, पार्टियां। कब उनके गमछे का रंग और डिजाइन बदल जाए, पता नहीं चलता। दो बुद्धिजीवी इस विषय पर मोबाइल पर इत्मीनान से चर्चा कर रहे थे, उन्हें पता ही नहीं चला कुछ देर बाद उनकी बातचीत का ऑडियो वायरल हो गया। वायरल ऑडियो का आप भी आनंद लीजिए-

-भाई साहब, राजनीति में भी आजकल अध्यात्म प्रवेश कर गया है।

-सच..! कैसे?

-हमारे माननीय को आत्मज्ञान हो गया, उन्हें आत्मा की आवाज सुनाई देती है।

-आत्मा बोलती है?

-वो तो माननीय बताएंगे, बोलती नहीं तो सुनते कैसे?

-अच्छा, हमें तो पचास साल हो गए साधना करते-करते, आज तक आत्मा की आवाज नहीं सुनाई दी।

-आपके गुरु ठीक नहीं, माननीय के ये चौथे गुरु हैं।

-गजब, माननीय तो क्रांतिकारी निकले। यहां एक गुरु बनाने में जिंदगी निकल गई, माननीय ने चार-चार गुरु बना लिए। पुरानी साधना का क्या हुआ?

-गुरु बदला, साधना बदली। नए गुरु ने उन्हें गमछा दीक्षा दे दी।

-यह गमछा दीक्षा क्या होती है?



-नए गुरु ने पुराना गमछा उतारा और अपने अखाड़े का नया गमछा पहना दिया। माननीय वही हैं, पर गमछा बदल गया।

-पहले तो टोपी पहनाते थे वह।

-दौर बदल गया है, अब टोपी जनता को पहनाते हैं। इनका सिर्फ गमछा बदलता है। गमछा बदलते ही वैचारिक-कल्प हो जाता है।

-ये वैचारिक कल्प क्या होता है?

-आप भी प्रभु, जैसे कायाकल्प, वैसे ही वैचारिक-कल्प। गमछा बदलते ही सिद्धांत बदल जाते हैं, मान्यताएं बदल जाती हैं, वाणी बदल जाती है, भाषा शैली में परिवर्तन आ जाता है। जिन्हें जीवन भर गाली देते रहे, वे मित्र बन जाते हैं, मित्र दुश्मन हो जाते हैं। ऐसे क्रांतिकारी परिवर्तन आत्मा की आवाज ही कर सकती है। इसे गमछा क्रांति कहते हैं।

-यह गमछा दीक्षा तो बड़ी शक्तिशाली है।

-हां भई हां, इसे डालते ही शक्तिपात होता है, आप विपक्ष से सत्ता पक्ष में आ जाते हैं, सत्ता पक्ष से विपक्ष में चले जाते हैं। आजकल इसकी बहुत मांग है, अब तो सामूहिक गमछा दीक्षा होने लगी है।

-यह गमछा भी गजब की चीज है भाई साहब, कहीं भी उपयोग कर लो। गर्मी में सिर पर बांध लो और ठंडी में कान पर। चाहो तो पसीना पोंछ लो, आवश्यकता पर तकिया बना लो। अगर कहीं गए और अंडरवियर ले जाना भूल गए, तो इसको पहनकर नहा लो। आपने तो इसका एक और उपयोग बता दिया, रंग बदल दो, डिजाइन बदल दो तो अखाड़ा (पार्टी) बदल जाता है, पर आदमी वही रहता है।

-भाई साहब, आजकल गमछा का साइज छोटा हो गया है, वह पट्टे में बदल गया है। अब पट्टा पहनाने लगे हैं। जिससे वफादारी बनी रहे।

-हां भैया अब समझ में आया पट्टा क्यों पहनाते हैं। *

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

## किताबों पर बातें



**वरिष्ठ लेखक**-पत्रकार सुधांशु गुप्त गंभीर और जुनूनी पाठक हैं। ना केवल पाठक बल्कि अच्छे समीक्षक भी हैं। हाल में छपकर आई उनकी किताब 'कुछ किताबें कुछ बातें' उनकी दोनों विशेषताओं को साबित करती है। यहां हिंदी समेत कई देशी, विदेशी भाषाओं में छपी अनेक चर्चित किताबों पर लेखक ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। अच्छी बात यह है कि लेखक के ये समीक्षात्मक विचार, आलोचनात्मक गांभीर्य से मुक्त होते हुए भी कृति को समझने का सहज रास्ता खोलते हैं। *

**पुस्तक:** कुछ किताबें कुछ बातें (साहित्यिक समीक्षाएं), **लेखक:** सुधांशु गुप्त, **मूल्य:** 500 रुपए, **प्रकाशक:** भावना प्रकाशन, दिल्ली

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

हरियाणा के अंबाला में पीएम मोदी ने कांग्रेस समेत विपक्ष पर जमकर निशाना साधा

# 70 साल से भारत को परेशान करने वाले पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा, धाकड़ सरकार से देश को मिली मजबूती

## गरीब, युवा, महिलाएं और किसान कल्याण मेरी ताकत





एजेंसी ▶▶ अंबाला

पीएम नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के अंबाला जिले में शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस समेत विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि हरियाणा वो राज्य है जिसके रगों में देशभक्ति है और वो देश को तोड़ने वाली शक्तियों को अच्छी तरह पहचानते हैं।

हरियाणा मतलब धाकड़ होता है और मोदी ने भी 10 साल तक धाकड़ सरकार चलाई है। पाकिस्तान 70 वर्षों से भारत को परेशान कर रहा था, जिसके हाथ में बम का गोला रहता था, आज उसके हाथ में भीख का कटोरा है। जब धाकड़ सरकार होती है, तो ऐसे ही दुश्मन कांपता है। 4 चरणों के चुनाव में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्त हो चुके हैं। कांग्रेसी विदेश से हथियार मंगाने के नाम पर मोटी कमाई कर सकें। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेट प्रूफ जैकेट भी ठीक से नसीब नहीं होते थे। उनके पास अच्छी राइफल तक नहीं थीं। मैंने भारत की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाया। आज भारत अब दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है।

दुनिया में आज हरियाणा का इतना नाम है, तो उसके पीछे हमारे बेटियों की ताकत है। मोदी ने बेटियों के लिए सैनिक स्कूलों के भी दरवाजे खोल दिए हैं। एनडीए में महिला कैडेट्स का जो बैच ट्रेनिंग ले रहा है, उसमें बड़ी संख्या में हरियाणा की बेटियां हैं।किसानों का कल्याण मोदी की प्राथमिकता है। हमने पिछले 10 साल में, 20 लाख करोड़ रुपए का अनाज किसानों से एमएसपी पर खरीदा। मोदी विकसित भारत का संकल्प लेकर निकला है और विकसित भारत के 4 स्तंभ हैं। गरीब, युवा, महिलाएं और किसान... मोदी इन्हें मजबूत कर रहा है ताकि भारत मजबूत हो। हमारी सरकार ने ही साहिबजादों की याद में 'वीर बाल दिवस' मनाना शुरू किया है।

### कांग्रेस का इतिहास सिर्फ धोखा देना रहा

कांग्रेस का इतिहास, हमारी सेनाओं को, फौजियों को धोखा देने का रहा है। देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इस ट्रैक रिकॉर्ड को कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, हमेशा बनाए रखा। बोफोर्स घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला...। कांग्रेस को सिर्फ वोट से मतलब है। दिल्ली और हरियाणा में हाथ में झाड़ू लेकर घूम रहे हैं और पंजाब में कह रहे हैं कि झाड़ूवाला चोर है।



### बांदा में बोले शाहः हम डरना नहीं जानते पीओके को हम प्राप्त करके रहेंगे

गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी के बांदा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान के पास तो एटम बम है पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को मत मांगो। शाह ने कहा कि भाजपा डरना नहीं जानती। पीओके भारत का हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि भारत के लोगों को अब डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हमारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन लोगों को गुमराह करने का काम कर रहा है।

#### देश चलाना चूरन बेचना नहीं है, 56 इंच का सीना चाहिए

शाह ने कहा कि देश को चलाना चूरन बेंचने जैसा नहीं है। देश को चलाने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए। जो केवल नरेन्द्र मोदी के पास है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव चाय बेंचने वाले एक गरीब परिवार के नरेंद्र मोदी और चांदी का चम्मच लेकर पैदा होने वाले के राहुल गांधी के बीच का है। कांग्रेस केवल वोट बैंक की राजनीति करती है।

रेवन्ना स्कैंडलः भाजपा नेता का आरोप


### डिप्टी सीएम शिवकुमार ने ऑफर किए थे 100 करोड़



जेल में बंद भाजपा नेता जी देवराजगौड़ा ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष एच डी कुमारस्वामी पर हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के वीडियो वाले पेन ड्राइव को लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ रुपए की पेशकश की थी। उनके इस खुलासे से इस मामले में नया मोड़ आ गया है।

केसरगंज के सांसद

### बृजभूषण ने चुनावी अखाड़े से किया संन्यास का ऐलान



**केसरगंज।** लोकसभा सदस्य और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि मैं अब जीवन में कभी भी चुनाव नहीं लड़ूंगा। मेरे पास करने के लिए कई सारे काम हैं। भाजपा ने इस बार उनके बेटे करण भूषण को चुनावी अखाड़े में उतारा है।

राजस्थान के मंत्री का सरकार पर आरोप

### 1146 करोड़ का लगेगा चूना!



**जयपुर।** राजस्थान सरकार में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सीएम भजनलाल शर्मा को एक पत्र लिखकर राज्य सरकार में खलबली मचा दी है। उन्होंने एक बहुमंजिला आवासीय परियोजना में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। मंत्री के अनुसार इससे सरकारी खजाने को 1,146 करोड़ रुपए का नुकसान होने का आरोप है।

बस्ती पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ

### जैसे डायनासोर खत्म हो गया, वैसे कांग्रेस भी खत्म हो जाएगी

बस्ती में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरैया में जनसभा में विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि 2014 में सपा की साइकिल की चेन उतार दिया था। 2017 में चैन को चढ़ने नहीं दिया। कहा कि भाजपा परिवारवाद की राजनीति नहीं करती, जैसे डायनासोर खत्म हो गया वैसे कांग्रेस भी खत्म हो जाएगी। भाजपा सरकार जातिवाद परिवारवाद की राजनीति नहीं करती बल्कि देश की राजनीति करती है। मोदी जी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने यह साबित कर दिया है कि भारत कमजोर नहीं है। आज दुनिया के सभी राष्ट्राध्यक्ष कहते हैं कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है।



हिमाचल में कांग्रेस पर बरसे नड्डा

### यूपीए सरकार आतंकियों को बिरयानी खिलाती रही, मोदी सरकार ने घर में घुसकर मारा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिमाचल के कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले देश में मजबूर सरकार थी। मजबूर सरकार में आतंकवादी हमला करते थे और हमारे पीएमपाकिस्तान को डोजियर भेजते थे और कहते थे इन एक्शन करो। मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक करके घर में घुसकर आतंकवादियों को मारा। कश्मीर से धारा 370 को धराशायी किया। उन्होंने कहा कि मजबूर सरकार कश्मीर से आतंकवादियों के नेताओं को वार्ता के लिए बुलाती थी और बिरयानी खिलाती थी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय हिमाचल को मोदी सरकार 1782 करोड़ रुपए दिए और यहां की सरकार ने उस राशि की बंटरबांट की।



खरगे का भाजपा पर आरोप

### राम मंदिर-बुलडोजर के दावों से पीएम जनता को भड़का रहे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर मतदाताओं को भड़काने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग से भाजपा नेता के बार-बार के दावों के बाद कार्रवाई करने का आह्वान किया कि विपक्षी इंडिया गुट सत्ता में आने पर राम मंदिर पर बुलडोजर चलाएगा। खरगे ने कहा कि हमने आज तक बुलडोजर का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आयोग को भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री खुद ऐसा कर रहे हैं। वे लोगों को भड़का रहे हैं।

**राय को नोटिस :** वाराणसी लोकसभा से प्रत्याशी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को निर्वाचन से हेट स्पीट देने पर नोटिस जारी किया गया।

सीएम योगी का कांग्रेस पर जमकर प्रहार

### कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का, ये गांधी की पार्टी नहीं

**धुले।** महाराष्ट्र के धुले में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और उसके घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग से की। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस महात्मा गांधी की नहीं है। यह सोनिया और राहुल की कांग्रेस है। यह कांग्रेस का एक विकृत संस्करण है।अगर आप कांग्रेस का घोषणापत्र देखेंगे, तो आपको लगेगा कि यह मुस्लिम लीग का है, यह आपका (एससी, एसटी और ओबीसी) आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं। योगी ने मालेगांव में कहा कि औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस में घुस गई है।



## खबर संक्षेप

### बोले कन्हैया कुमार- मैं डरने वाला नहीं हूं



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर शुक्रवार को चुनाव प्रचार के दौरान हमला किया गया। माला पहनाने के बहाने कुछ लोगों ने उन पर स्याही फेंक फिर थप्पड़ मारा। उन्होंने कहा, सांसद महोदय, आप कितने भी गुंडे भेजकर मुझ पर हमले करवा लीजिए, मैं डरने वाला नहीं हूं। मैं गांधी जी और बाबा साहब को मानने वाला हूं।

### रिलायंस कैपिटल को बेचने 10 दिन का वक्त दें



**मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी ने कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरसीएपी) के लिए सबसे अधिक सफल बोली लगाने वाले हिंदुजा समूह की कंपनी को अभी अधिग्रहण के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है. दरअसल, अनिल अंबानी ने आरबीआई से हिंदुजा को आरसीएपी का मालिकाना हक देने की समय सीमा को 10 दिन और बढ़ाने की अपील की है।

### बेटे-बहू और पोते को जलाने की कोशिश



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर शहर के एक मोहल्ले में मकान के मालिकाना हक को लेकर परिवार में ही विवाद हो गया। पिता ने घर में सो रहे अपने बेटे, बहू और पोते को जलाने के लिए पेट्रोल डाल दिया। माचिस जलाने से पहले ही उसका बेटा जाग गया। उसने पिता पर हमला बोल दिया। थोड़ी देर में व्यक्ति का दूसरा पोता आ गया उसने दादा को पकड़ लिया।

वोटिंग प्रतिशत बढ़ने पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा एडीआर

सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा

# जरूरत पड़ी तो रातभर सुनवाई के लिए बैठेंगे वैकेशन बेंच इस याचिका पर करेगी सुनवाई

### एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने ईवीएम रिप्लेस करने का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से फाइनल वोटिंग परसेंटेज में हुई बढ़ोतरी को लेकर जवाब मांगा है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी और इस पर सुनवाई हुई।

एडीआर ने अपनी याचिका में आशंका जताई कि ईवीएम मशीनों को रिप्लेस किया जा सकता है ताकि फाइनल वोटिंग परसेंटेज बढ़ाया जाए। सोमवार से ही कोर्ट की गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं लेकिन वेकेशन बेंच इस याचिका पर सुनवाई करेगी। वहीं चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव आयोग को 24 मई तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम मामले की सुनवाई के लिए पूरी रात बैठेंगे।



#### पेपर से वोटिंग करवाने की भी अपील की

एडीआर ने अपनी याचिका में वोटिंग परसेंटेज को लेकर संदेह जताया है। साथ ही उसने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी संदेह जताया है। इसके अलावा एडीआर ने बैलट पेपर से वोटिंग करवाने की अपील की है। हालांकि चुनाव आयोग के वकील ने एडीआर की अर्जी पर सवाल खड़े किए।

चुनाव आयोग 24 मई तक जवाब दाखिल करे



#### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा सवाल

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि वेबसाइट पर मतदान के आंकड़े डालने में क्या दिक्कत है? इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि इसमें समय लगता है क्योंकि बहुत सारा डाटा इकट्ठा करना होता है। फिर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव आयोग को याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए। 25 मई को ही छठे चरण के लिए वोटिंग होगी लेकिन 24 मई को इस मामले पर सुनवाई होनी है।

#### चुनाव आयोग ने एडीआर के आरोपों को नकारा

चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि एडीआर ने बिल्कुल गलत आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एडीआर की ओर से वकील प्रशांत भूषण पेश हुए और वह सिर्फ इसलिए पेश हुए क्योंकि वे कोर्ट में कुछ लाना चाहते हैं। अदालत को इस पर विचार नहीं करना चाहिए।




मालीवाल से बदसलूकी मामला

# बिभव से 23 सवालों के जवाब जानना चाहेगी दिल्ली पुलिस



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की राज्य सभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में आरोपी बिभव कुमार को शनिवार को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बिभव कुमार को सीएम आवास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बिभव को लेकर सिविल लाइंस ले गई। यहां बिभव कुमार से दिल्ली पुलिस कुछ जरूरी सवाल पूछ सकती है।

#### दिल्ली पुलिस के संभावित सवाल

- स्वाति मालीवाल कितने बजे सीएम आवास पहुंचीं?
- आपको किसने जानकारी दी कि समालीवाल सीएम आवास में हैं?
- आप उस वक्त कहां थे?
- क्या स्वाति ने सीएम से मिलने से पहले अपॉइंटमेंट लिया था या फिर आने की जानकारी दी थी?
- आप जब ड्राइंग रूम में पहुंचे वहां कौन-कौन था?
- वहां पहुंचते ही आपके और स्वाति के बीच क्या बात हुई?
- उस वक्त स्वाति मालीवाल ड्राइंग रूम में कहां बैठी थीं?
- क्या आपके और स्वाति के बीच वहां झगड़ा हुआ? हुआ तो वजह क्या थी?
- क्या आपने सालीवाल पर हाथ उठाया था?
- क्या आपने स्वाति को चांटा मारा और सिर सेंटर टेबल पर मारा?
- क्या आपने उनकी शर्ट खिंची और लात मारी?
- आप दोनों के बीच ये बहस कितनी देर तक चली?
- क्या सीएम आवास की सिक्योरिटी को ड्राइंग रूम में बुलाया या फिर शोर सुनकर वो खुद वहां पहुंची?
- क्या उस वक्त सीएम केजरीवाल भी बंगले के अंदर मौजूद थे?
- क्या आपने इस बात की जानकारी तुरंत सीएम केजरीवाल को दी?
- बंगले पर उस वक्त कौन-कौन मौजूद था?

मुक्तसर में दर्दनाक दुर्घटना

## बरसी समागम के दौरान गैस सिलेंडर फटने से 7 लोग झुलसे



एजेंसी ▶▶ श्री मुक्तसर साहिब

मुक्तसर के गिद्दड़बाहा में डेरा सिद्ध बाबा गंगा राम में चल रहे बरसी समागम दौरान सिलेंडर फट जाने से डेरे के 7 सेवादार झुलस गए। घायलों को सिविल व निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां से 5 को बठिंडा रेफर कर दिया गया है। डॉ. राजीव जैन के मुताबिक बठिंडा रेफर किए गए 5 में तीन सेवादार 60-70 फीसद झुलसे हैं। धमाके की आवाज सुन कर श्रद्धालु भयभीत हो गए और अफरा-तफरी मच गई।

#### सिलचर के कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में आग

**कछार।** असम के कछार जिले के सिलचर शहर के श्यामा प्रसाद रोड स्थित एक कोचिंग संस्थान, वसुंधरा अपार्टमेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। इसके बाद छात्रों को पता चला कि वे नीचे नहीं जा सकते तो सभी लोग अपार्टमेंट की छत पर भाग गए। लोगों ने सीढ़ियों का इंतजाम किया और छात्रों को छत से नीचे उतारा गया।

चुनाव में सी विजिल एप पर 4 लाख 24 हजार शिकायतें मिलीं

चुनाव आयोग ने किया दावा

# 99 फीसदी से ज्यादा मामलों का किया निराकरण

### 89 फीसदी शिकायतों का समाधान 100 मिनट की समयसीमा के भीतर किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से 15 मई तक भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के लाखों मामले को रिकॉर्ड समय में निपटाने का दावा किया है।

ईसीआई की ओर से शनिवार को बताया गया कि आम चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से 15 मई, 2024 तक के सी-विजिल एप के माध्यम से 4.24 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 4,23,908 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।




#### 409 मामले भी निपटारे की प्रक्रिया में

चुनाव आयोग ने कहा कि बाकी बचे 409 मामले भी निपटारे की प्रक्रिया में हैं। इस तरह देखें तो अब तक लगभग 99 फीसदी से ज्यादा शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। चुनाव आयोग का दावा है कि इनमें से 89 फीसदी शिकायतों का समाधान 100 मिनट की समयसीमा के भीतर किया गया है। इससे पहले चुनाव आयोग ने इस तरह की जानकारी 29 मार्च को दी थी। हालांकि, तब सीविजिल ऐप के जरिए मिली शिकायतों की संख्या 79 हजार थी।

#### अवैध होर्डिंग्स और बैनरों के खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें आईं

चुनाव आयोग को सीविजिल एप के माध्यम से मिलने वाली आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी शिकायतों में अब तक सबसे ज्यादा शिकायतें अवैध होर्डिंग्स और बैनरों के खिलाफ रही हैं। इसके बाद चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों की ओर से पैसे, तोहफे और शराब बांटने से जुड़ी शिकायते थीं। कुछ शिकायतें निजी और सरकारी संपत्तियों को खराब करने से जुड़े थे।

#### कई और शिकायतें दर्ज की

इसके अलावा हथियारों के प्रदर्शन और धमकी देने, तय समय पर प्रचार खत्म नहीं करने, इजाजत की समय सीमा के बाद स्पीकर के इस्तेमाल की शिकायतें भी शामिल हैं। 16 मार्च को 2024 के देश में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। 4 जून को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

**सेमीकंडक्टर चिप्स के निर्माण की दौड़ में भारत भी शामिल** | **अमेरिकी कंपनी माइक्रोन 2027 से उत्पादन शुरू करेगी** | **धोलेरा में 28 नैनोमीटर से लेकर 14 नैनोमीटर तक के चिप्स बनाए जाएंगे**

# गुजरात के धोलेरा में बन रहा 'मिनी ताइवान' साणंद व असम में उत्पादन संयंत्र ले रहा आकार



**असम में प्रतिदिन 4.8 करोड़ चिप्स**

*टाटा ग्रुप की टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएटी) गुजरात के अलावा असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपए के निवेश से संयंत्र लगा रही है। इस संयंत्र में रोजाना 4.8 करोड़ चिप्स बनाने की क्षमता होगी। मार्च 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी ने इसका भूमिपूजन किया था*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

चीन का पड़ोसी छोटा सा देश ताइवान आज पूरी दुनिया को सेमीकंडक्टर चिप्स की आपूर्ति कर रहा है। चिप्स की बढ़ती मांग के चलते अब अमेरिका, जापान जैसे देश भी चिप्स संयंत्र का तेजी से विस्तार कर रहे हैं। अब इस रेस में भारत भी शामिल हो चुका है। भारत में गुजरात और असम में सेमीकंडक्टर चिप्स के संयंत्र तैयार हो रहे हैं। गुजरात में दो संयंत्र बनने हैं, एक साणंद में और दूसरा धोलेरा में। तीसरा संयंत्र असम में बनाया जाएगा। धोलेरा का संयंत्र तो ताइवान की मदद से ही तैयार किया जा रहा है। इन संयंत्र के तैयार हो जाने के बाद देश के इंजीनियर्स को भारत से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

***धोलेरा में लग रहे संयंत्र की लागत 91 हजार करोड़ रुपए***

***असम में लग रहे संयंत्र की लागत 27 हजार करोड़ रुपए***



### ताइवान की कंपनी है पार्टनर

टाटा ग्रुप और ताइवान की पॉवचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन (पीएसएमसी) धोलेरा में 91 हजार करोड़ रुपए की लागत से संयंत्र लगा रहे हैं। मार्च-2024 में पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस संयंत्र का शिलान्यास किया था। इस संयंत्र में 28 नैनोमीटर से लेकर 14 नैनोमीटर तक के चिप्स बनाए जाने हैं। इन चिप्स का इस्तेमाल टैबलेट, लैपटॉप, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन में होगा।

### माइक्रोन साणंद में संयंत्र लगाएगी

अमेरिकी कंपनी माइक्रोन साणंद में संयंत्र लगाएगी। इसके लिए अगस्त-2023 में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस एमओयू से पहले जुलाई-2023 में पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका गए थे और वहां माइक्रोन कंपनी ने गुजरात में संयंत्र लगाने का ऐलान किया था। संयंत्र के निर्माण का काम 2027 तक पूरा हो जाएगा।

### जापान-थाईलैंड का संयुक्त उद्यम


जापान की रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन और थाईलैंड की स्टार माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर गुजरात के साणंद में संयंत्र बनाएगी। यह सेमीकंडक्टर संयंत्र 7,600 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। यहां हर दिन 1.5 करोड़ चिप्स बनाए जा सकते हैं। इससे प्रत्यक्ष रूप से 20 हजार और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

### सेमीकंडक्टर पॉलिसी

*गुजरात सरकार ने 2022 से 2027 तक के लिए सेमीकंडक्टर नीति बनाई है और यह नीति बनाने वाला वह भारत का पहला राज्य बन गया है। 'गुजरात सेमीकंडक्टर नीति 2022-27' के तहत सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को सब्सिडी और प्रोत्साहन दिया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 75 प्रतिशत सब्सिडी और भूमि खरीद पर जीरो स्टांप शुल्क की योजना बनाई गई है।*

### धोलेरा में स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन

अहमदाबाद से करीब 100 किमी की दूरी पर धोलेरा में स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन (एसआईआर) प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। यहां इतनी बड़ी जगह है कि अहमदाबाद से भी बड़ा शहर बसने वाला है। यहां सिंगापुर जैसा अत्याधुनिक शहर बसाया जा रहा है। जैसे ताइवान का सिंचू वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बन गया है, वैसे ही धोलेरा भी गुजरात का सेमीकंडक्टर हब बनेगा। सिर्फ सेमीकंडक्टर ही नहीं, कई व्यवसाय यहां आएंगे। इसमें डिफेंस, एविएशन, फार्मास्यूटिकल्स, एग्रो और फूड प्रोसेसिंग, हाईटेक इंजीनियरिंग जैसे बिजनेस शामिल होंगे। सड़कों का काम पूरा हो चुका है और कई छोटे संयंत्र भी शुरू हो चुके हैं।



---

## खबर संक्षेप

### ट्रक के गड्ढे में गिरने से पाक में 13 की मौत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। बताया कि वाहन खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। तेज गति के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

### पीएम ने दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि जगदीप धनखड़ हमेशा नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करते हैं। पूर्व पीएम देवेगौड़ा के जुनून की सराहना करते हुए कहा कि देश के प्रति उनकी सेवा के लिए सभी राजनीतिक वर्ग में उनका सम्मान है।

### गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो जजों को करें स्थायी



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो न्यायाधीश को स्थायी करने की सिफारिश की है। इसके अलावा, न्यायाधीश राजेश सेखरी को इस साल 29 जुलाई से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश बनाने का सुझाव दिया है।

---

## अमेरिका ने पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की

# विश्व में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र कोई नहीं, भारत के साथ हमारा रिश्ता बेहद करीबी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। हम भारतीय लोगों की वोट देने की उनकी क्षमता और उनकी भावी सरकार में आवाज उठाने की क्षमता की सराहना करते हैं।



व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निश्चित रूप से हम पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान उनके (भारत) अच्छे होने की कामना करते हैं। जॉन किर्बी चल रहे भारतीय चुनावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में 96 करोड़ लोग वोटिंग प्रक्रिया का हिस्सा बन रहे हैं, जो 2,660 रजिस्टर्ड पार्टियों के कैंडिडेट को चुनने वाले हैं। भारतीय हजारों उम्मीदवारों में से 545 संसद सदस्यों का चुनाव चुनाव करने के लिए दस लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग प्रशंसनीय हैं।

> *जॉन किर्बी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतीय लोगों की वोट देने की उनकी क्षमता और उनकी भावी सरकार में आवाज उठाने की क्षमता की सराहना करते हैं।*

- *भारत-अमेरिका ने इंडो-पैसिफिक क्वाड का विस्तार किया*
- *दोनों देश नई प्रौद्योगिकियों पर मिलकर काम कर रहे*
- *दोनों देशों की सेनाएं भी कई युद्ध अभ्यास में हिस्सा ले चुकी*
- *संबंध लगातार घनिष्ठ हो रहे*

### भारत, ब्रिटेन ने 'रोडमैप 2030' की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा की दो दिवसीय लंदन यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन 'रोडमैप 2030' की व्यापक समीक्षा की गई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों पक्ष व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमत हुए। भारत और ब्रिटेन के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के 16वें दौर में भाग लेने के लिए विदेश सचिव ने 16 से 17 मई तक लंदन का दौरा किया। भारत और ब्रिटेन ने व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करने के लिए 2021 में 10 वर्षीय 'रोडमैप' अपनाया था। एफओसी में, विदेश सचिव ने ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं और परस्पर हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव और (ब्रिटेन के) स्थायी अवर सचिव ने रोडमैप 2030 की विस्तृत समीक्षा की।

### पीएम मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी

*किर्बी ने कहा कि आपने इसे राजकीय दौरे (अंतिम दौरे) पर देखा था। हमने सभी प्रकार की नई पहलें शुरू कीं, महत्वपूर्ण नई प्रौद्योगिकियों पर एक साथ काम कर रहे हैं। हमने और इंडो-पैसिफिक क्वाड की प्रासंगिकता को बढ़ाया और विस्तारित किया, जिसका भारत एक हिस्सा है। दोनों देशों की सेनाएं भी कई युद्ध अभ्यास में हिस्सा ले चुकी हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय साझेदारी है। इसके लिए हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी हैं।*

#### भारत से संबंध घनिष्ठ हो रहे

जॉन किर्बी ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत विशेष रूप से बाइडेन प्रशासन के पिछले तीन वर्षों के दौरान मजबूत हुए हैं। भारत के साथ हमारा रिश्ता बेहद करीबी है और लगातार घनिष्ठ होता जा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडेन पीएम नरेंद्र मोदी के साथ दोस्ती और गहरी करना चाहते हैं।


---

## किर्गिस्तान के बिश्मेक में भड़की हिंसा

# पाक छात्रों को पीटा, भारत ने 'अपनों' को किया सतर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान के बिश्मेक में मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय और पाकिस्तानी छात्रों की जान खतरे में पड़ गई है।



किर्गिस्तान से खबर आई है कि वहां स्थानीय लोगों ने तीन पाकिस्तानी छात्रों को पीट-पीटकर मार डाला। स्थानीय लोग अन्य पाकिस्तानी छात्रों को भी निशाना बना रहे हैं।

चूंकि भारतीय और पाकिस्तानी दिखने में एक जैसे लगते हैं, इसलिए भारतीय छात्रों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। ऐसे हालात में भारतीय विदेश मंत्रालय ने किर्गिस्तान में रहने वाले भारतीय छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है और उन्हें सतर्क रहने और हास्टल के बाहर नहीं जाने की सलाह दी है।

### दूतावास छात्रों के संपर्क में

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बिश्केक में भारतीय छात्रों के कुशल-क्षेम पर नजर रखी जा रही है। अब स्थिति शांत बताई जा रही है। मैं छात्रों को दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह देता हूं। भारतीय दूतावास ने कहा कि किसी भी समस्या के मामले में दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है। हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है।

### स्थानीय लोगों से लड़ाई विवाद के पीछे की वजह

राजधानी बिश्केक में 13 मई को एक कॉलेज के हास्टल में मिस्र के कुछ मेडिकल छात्रों की किर्गिज के स्थानीय लोगों से लड़ाई हो गई। विवाद बढ़ने पर उनके बीच मारपीट शुरू हो गई। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जो असली गुनहगार थे, वे नहीं पकड़े गये। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग बगल के हॉस्टल में रह रहे पाकिस्तान के छात्र-छात्राओं के कमरे में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे और जो छात्र सामने मिला उसकी पिटाई की।

---

## राजभवन में छेड़छाड़ का मामला

# पुलिस ने तीन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के आरोप में राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### महिला का आरोप

*पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला को 2 मई को गलत तरीके से रोककर राजभवन छोड़ने से रोकने के लिए तीन अधिकारियों को एफआईआर में शामिल किया गया है। हम उस शाम उनकी भूमिका की जांच करेंगे। 2 मई को महिला ने बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की थी। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत, किसी राज्यपाल के खिलाफ उसके कार्यकाल के दौरान कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है।*

---

## खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों का उपयोग

# केंद्र व एफएसएसएआई से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग व अत्यधिक उपयोग के संबंध में याचिका पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रसायनों के अत्यधिक उपयोग को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जवाब मांगा।



चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने पर्यावरणविद् और वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार करने के लिए सहमत हुए। याचिका में कहा गया कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्रमुख कारण बन गया है। सीजेआई ने कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे।

---

## नीट पेपर सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़

# 2 मेडिकल छात्र समेत 4 गिरफ्तार पटना से राजस्थान तक जुड़े हैं तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी नीट की परीक्षा देश की सबसे बड़ी और कठिनमत परीक्षाओं में से एक है।



हर साल लगभग 23 से 24 लाख उम्मीदवार मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए नेशनल एलिबिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी) में बैठते हैं। उम्मीदवारों की इतनी बड़ी संख्या होने की वजह से परीक्षा को लेकर कई कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाते हैं, बावजूद इसके कुछ लोग 05 मई को आयोजित हुई नीट परीक्षा सेंधमारी करने में कामयाब हो गए। हालांकि दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सॉल्वर गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### कई शहरों में छापेमारी

दिल्ली पुलिस के मुताबिक बीती 5 मई को भारतीय विद्या भवन मेहता विद्यालय में नीट परीक्षा के दौरान दो छात्रों का बायोमेट्रिक डेटा मैच नहीं हो रहा था, उन्हें पकड़ा गया। इसके बाद तिलक मार्ग थाने में केस दर्ज किया गया। स्पेशल की टीम ने इसकी जांच शुरू की। टीम बाकी आरोपियों का पता लगाने के लिए दिल्ली, अलवर, जयपुर और नोएडा में सिलसिलेवार छापे मार रही है।

### 4 मोबाइल फोन, 1 कार जब्त

नई दिल्ली डीसीपी देवेश कुमार महला के मुताबिक, नीट के एग्जाम के दौरान नकल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ ने पेपर सॉल्व करने वाले रैकेट में शामिल 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के 2 एमबीबीएस छात्रों के साथ-साथ वो लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने इस साजिश में उनकी मदद की। कार्रवाई के दौरान 4 मोबाइल फोन और 1 कार जब्त की।

---

## भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंडोनेशिया के बीच त्रिपक्षीय कार्यशाला आयोजित

# समुद्री सुरक्षा गतिविधियों में सहभागिता तथा सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंडोनेशिया त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा कार्यशाला (टीएमएसडब्ल्यू) के दूसरे संस्करण का आयोजन 15 से 17 मई, 2024 तक कोच्चि में आईएनएस द्रोणाचार्य पर किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्यशाला का मुख्य विषय 'हिंद महासागर क्षेत्रः क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास' पर केंद्रित था, जिसे इस समुद्री क्षेत्र में तीन समुद्री पड़ोसी देशों के बीच वर्तमान में चल रही समुद्री सुरक्षा गतिविधियों से संबंधित चुनौतियों एवं सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए चुना गया था। यह महत्वपूर्ण कार्यशाला दक्षिणी नौसेना कमान मुख्यालय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी और इसमें भाग लेने वाली तीन देशों की नौसेनाओं के प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी देखी गई।



### भारत और यूएई के बीच बैठक संपन्न

*भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए प्रभावी वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने खलीफा बंदरगाह, फुजैरा बंदरगाह और जेबेल अली बंदरगाह का दौरा किया। उन्होंने माल की आवाजाही सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित बंदरगाह अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।*

### इनकी रही खास उपस्थिति

कार्यशाला की अध्यक्षता नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (एफसीआई) रियर एडमिरल निर्भय बापना ने की। आयोजन की सह-अध्यक्षता रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के कमोडोर फ्लोटिलास, कमोडोर पॉल ओ'ग्राडी, टीएनआई (एएल) से सीआईसी इंडोनेशियाई फ्लीट कमांड के संचालन के लिए सहायक एफएडीएम हेरी ट्रिविबोवो और भारतीय नौसेना के कमोडोर (विदेशी सहयोग) कमोडोर मनमीत एस खुराना द्वारा की गई।

**सूचना तंत्र व क्षमता बढ़ाएंगे**

कार्यशाला में सभी चर्चाएं हिंद महासागर क्षेत्र में वर्तमान अवसरों और चुनौतियों पर केंद्रित थीं। जिसमें आईएफसी-आईओआर की सूचना विनिमय तंत्र व क्षमताएं, समुद्री डोमेन जागरूकता, गैर-पारंपरिक एवं अवैध समुद्री गतिविधियां, समुद्री कानून प्रवर्तन, क्षमता वृद्धि और क्षमता निर्माण, पारस्परिक सहभागिता तथा सहयोग बढ़ाने के मार्ग आदि शामिल हैं।

---

## सिंगापुर में कोविड-19 की नई लहर

# लगातार बढ़ रही कोरोना मरीजों की संख्या मास्क पहनने व घर में रहने की दी सलाह



एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों ने दुनिया के दूसरे देशों में भी डर पैदा करना शुरू कर दिया है। 5 से 11 मई के बीच करीब 26000 मामले सामने आए। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने मास्क पहनने की सलाह देते हुए कहा कि हम एक नई लहर की शुरुआत देख रहे हैं।

### रोज 250 केस आ रहे

*स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जून के मध्य और अंत के बीच सिंगापुर में एक नई लहर देखने को मिलेगी। कोरोना महामारी के रोजाना आने वाले मामले 181 से बढ़कर लगभग 250 हो गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि बिस्तर की क्षमता को बचाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और उपयुक्त रोगियों को संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाओं में स्थानांतरित करने को कहा गया है। बीमार व्यक्ति की घर पर देखभाल करें।*

